
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



साउंड डिजाइन में .....

दोस्त की शादी में .....

वर्ष : 11 | अंक : 164 | लखनऊ, 01 जून, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# आतंकियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी

## ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन : पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत और सशक्त प्रतिक्रिया को रेखांकित करते हुए घोषणा की। भोपाल में बोलते हुए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा और निर्णायक हमला बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों और उनकी बस्तियों पर भारत का सबसे बड़ा हमला है। यह देश की ताकत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत के सैन्य संकल्प का प्रतीक है, बल्कि इसकी बढ़ती महिला शक्ति का भी प्रतीक है।

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर हमारी परंपरा में नारीशक्ति का प्रतीक है। रामभक्ति में रंगे हनुमानजी भी सिंदूर को ही धारण किए हुए हैं। शक्ति पूजा में हम सिंदूर का अर्पण करते हैं और यही सिंदूर अब भारत के शौर्य का प्रतीक बना है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है, उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। सबसे बड़ी बात आतंवादियों ने भारत की नारीशक्ति को चुनौती दी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। जहां पाकिस्तान की सेना ने सोचा तक नहीं था, वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैंकड़ों किमी अंदर घुसकर मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया ही कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

मोदी ने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारीशक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। हम सभी जानते हैं कि BSF का इस ऑपरेशन में कितना बड़ा रोल रहा है। जम्मू से लेकर पंजाब, राजस्थान और गुजरात की सीमा तक बड़ी संख्या में BSF की हमारी बेटियां मोर्चा संभाल रही थी। उन्होंने सीमापार से होने वाली फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से लेकर दुश्मनों की पोस्टों को ध्वस्त करने तक BSF की बेटियों ने अद्भुत शौर्य दिखाया है।

# समय बदला, अब महिलाएं भी संभाल रही हैं युद्ध का मोर्चा

## सियाचिन की ऊंचाइयों से लेकर महासागर की गहराइयों तक, सुरक्षा मजबूत करने में जुटी है नारी शक्ति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की रक्षा क्षमताओं का लोहा तो दुनिया ने माना ही साथ ही भारतीय सैन्य बलों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और अग्रिम मोर्चे पर डट कर मुकाबला करने की उनकी क्षमता से भी पूरा विश्व रूबरू हुआ है। खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'नारी शक्ति' की सराहना करते हुए कहा है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में महिला पायलटों ने पाकिस्तान में ठिकानों को नष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में सशस्त्र बलों की हर शाखा में महिलाओं की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी रही। गोवा में आईएनएसवी तारिणी के फ्लैग-इन समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब से सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, उन्होंने हर भूमिका में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है और हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा कि आज सैनिक स्कूलों के दरवाजे लड़कियों के लिए खुले हैं और नेशनल डिफेंस एकेडमी से 17 महिलाएं पास आउट हुई हैं। जब से सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, उन्होंने हर भूमिका में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है और हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

### मौसम


| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

# दिल्ली के बुध विहार में कई झुग्गियों में लगी आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली के बुध विहार फेज-दो में शनिवार तड़के कूड़े के ढेर में आग लग गई जो आसपास की कई झुग्गियों में फैल गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे संडे बाजार रोड पर आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा, आग की सूचना मिलने पर हमने दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजीं। शुरूआत में आग कचरे तक ही सीमित थी जो तेजी से आसपास की 10 से 12 झुग्गियों में फैल गई। अधिकारी ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस सप्ताह की शुरूआत में राष्ट्रीय राजधानी के शाहदरा इलाके में मोती राम रोड पर स्थित ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने कहा कि उन्हें रविवार सुबह ई-चार्जिंग स्टेशन से आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए तुरंत दमकल गाड़ियां भेजी गईं। घटनास्थल से दो जले हुए शव बरामद किए गए और चार घायलों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। लगभग 400 वर्ग गज के टिन शेड के नीचे बना चार्जिंग स्टेशन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# राजीव कृष्ण बने यू पी के नए डी.जी.पी , ग्रहण किया कार्यभार

## योगी आदित्यनाथ ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** डी जी पी प्रशान्त कुमार के आज सेवानिवृत्त होने पर प्रदेश के अच्छे अफसरों में गिने जाने वाले 1991 बैच के आई पी एस अफसर राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

राजीव कृष्ण यूपी कैडर के एक शानदार आईपीएस अधिकारी हैं, अभी वे यूपी पुलिस के डीजी विजिलेंस और पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं, राजीव कृष्ण की चर्चा आगरा में वर्ष 2004 में बतौर एसएसपी तैनाती को लेकर खूब होती है, आगरा एसएसपी के तौर पर उन्होंने अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था, बीहड़ में सक्रिय अपहरण गिरोहों के खिलाफ राजीव कृष्ण ने प्रभावी कार्रवाई की थी।

एडीजी आगरा से ही पिछले साल वो डीजी विजिलेंस के पद पर तैनात किए गए थे. उन्हें हाईटेक पुलिसिंग के लिए जाना जाता है, एडीजी रहते हुए उन्होंने आपरेशन पहचान एप के माध्यम से अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया. महिला बीट, एंटी रोमियो स्क्वाड की ऑनलाइन मॉनिटरिंग का सिस्टम को भी इस साफ्टवेयर में रखा, ई-मालखाने से मुकदमों का ऑनलाइन रिकॉर्ड तक उनके अलग सोच का परिणाम है, साइबर अपराध के क्षेत्र में भी राजीव कृष्ण ने बड़ा अभियान चलाया. उनके स्तर पर पुलिस को प्रशिक्षित करने से लेकर लोगों को भी जागरूकता का अभियान चलाया गया।

आईपीएस राजीव कृष्ण यूपी की राजधानी लखनऊ के रहने वाले हैं. उनका जन्म 20 जून 1969 को हुआ था, उन्होंने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की, इसके बाद यूपीएससी की परीक्षा में शामिल हुए. यूपीएससी की ओर से 1991 में उन्होंने सिविल सर्विसेज परीक्षा पास की, आईपीएस के रूप में उनका सेलेक्शन हुआ, 1993 में आईपीएस कंफर्मेशन के बाद उनका सीनियर स्केल में प्रमोशन 10 अक्टूबर 1995 को हुआ, सेलेक्शन ग्रेड में 9 अगस्त 2005 को उनका प्रमोशन हुआ. 7 अगस्त 2007 को वे डीआईजी पद पर प्रोन्नत किए गए और 9 नवंबर 2010 को आईजी के रूप में उनका प्रमोशन हुआ।

राजीव कृष्ण एक जनवरी 2016 को एडीजी बनाए गए थे. इसके बाद एक फरवरी को उन्हें डीजी पोस्ट पर प्रमोट किया गया था।

सीएम योगी ने अब उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है. इससे पहले भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने देश की सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक कराकर झंडा गाड़े थे. यूपी पुलिस भर्ती के पेपर लीक मामले से निपटते हुए नए सिरे से स्वच्छ माहौल में परीक्षा का आयोजन और चयन की प्रक्रिया को पूरा कराना बड़ी चुनौती थी जिसे राजीव कृष्ण ने बिना किसी बाधा के पार किया। डी जी पी नियुक्त होने के बाद राजीव कृष्ण ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के देवरिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे रुद्रपुर मार्ग स्थित पहनना इलाके के पास हुई जब अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार 25 वर्षीय विनय और 42 वर्षीय रामायण की मौत हो गयी।

### हरदोई में कार के खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत, छह घायल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, हरदोई जिले में शनिवार तड़के एक तेज रफ्तार कार खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य जख्मी हो गये। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने बताया कि घटना तड़के करीब तीन बजे आलमनगर मार्ग पर फत्तेपुर गाजी के निकट की है जब कार सवार सभी लोग कुसुमा थाना क्षेत्र के मंझिला से बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि कार बेकाबू होकर पलट गयी और खाई में गिर गई। अधिकारी ने बताया कि हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गयी जिनकी पहचान जितेंद्र (22), आकाश (18), सिद्धार्थ (छह), रामू (35) और जौहरी (40) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे में छह अन्य लोग भी घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा का मिशन बंगाल, दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचेंगे अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार रात कोलकाता पहुंचेंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद यह राज्य का उनका पहला दौरा होगा। शाह रविवार को कई आधिकारिक और पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, गृह मंत्री अपने दिन की शुरूआत कोलकाता के बाहरी इलाके राजारहाट में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के उद्घाटन के साथ करेंगे। बाद में, शाह नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी सम्मेलन में भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि बैठक में 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, 'अमित शाह जी हमें राज्य में अगले विधानसभा चुनावों के लिए रोडमैप देंगे।' शाह उत्तरी कोलकाता के शिमला स्ट्रीट में स्वामी विवेकानंद के पैतृक घर का भी दौरा करेंगे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू की गई सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद श्री शाह की पश्चिम बंगाल की यह पहली यात्रा है। उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर बंगाल के तूफानी दौरे के दो दिन बाद हो रहा है, जो राज्य पर केंद्रीय नेतृत्व के निरंतर फोकस को रेखांकित करता है।

# लालू यादव को बड़ा झटका, लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली उच्च न्यायालय ने शनिवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। अदालत ने यादव की रोक लगाने की अर्जी को यह कहते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि मामला पहले से ही आरोपों पर बहस के लिए विशेष न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध है। अपने आदेश में, अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता आरोपों पर विचार के चरण में निचली अदालत के समक्ष अपनी सभी दलीलें रखने के लिए स्वतंत्र है।

### प्रधानमंत्री की रैली से बंगाल सरकार के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया गया: ममता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि राजनीति से प्रेरित होकर उनकी सरकार के खिलाफ एक दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान चलाया गया। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में बृहस्पतिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मुर्शिदाबाद दंगों और शिक्षक भर्ती घोटाले का हवाला दिया तथा दावा किया कि राज्य के लोग निर्मम सरकार को हटाने के लिए बेताब हैं। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, कल उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में, राजनीति से प्रेरित होकर एक दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान चलाया गया।

# पाकिस्तान ने गुजरात की ओर मिसाइल दागी और 200 ड्रोन भेजे

## भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ, BSF ने जारी किया बयान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बॉर्डर पर भारतीय सुरक्षा बल तैनात रहती है। इनकी निगरानी इतनी कड़क होती है कि दुश्मन देश की नापाक चाल को नाकाम कर देती है। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गुजरात की ओर मिसाइलें और 200 ड्रोन दागे थे, लेकिन सैन्य प्रतिष्ठानों, सैनिकों या नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंच सका क्योंकि पड़ोसी देश के हर हमले को भारतीय बलों ने नाकाम कर दिया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी नेशुक्रवार को यह जानकारी दी।

बीएसएफ के गुजरात फ्रंटियर के महानिरीक्षक अभिषेक पाठक ने कहा कि पाकिस्तान ने सीमा पर टैंक और भारी तोपें भी तैनात की थीं। उन्होंने कहा कि अगली बार हमारी प्रतिक्रिया में सुधार के लिए हर चीज का विश्लेषण किया जा रहा है। बीएसएफ राजस्थान के बाड़मेर से लेकर गुजरात के कच्छ जिले तक भारत-पाकिस्तान सीमा पर पहरेदारीकरता है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की भूमिका पर गांधीनगर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाठक ने कहा, पाकिस्तान द्वारा राजस्थान से कच्छ तक हमारी सीमा की ओर भेजे गए लगभग 600 ड्रोन में से लगभग 40 प्रतिशत (200 ड्रोन) गुजरात में प्रवेश कर गए। हालांकि, हमने थलसेना और भारतीय वायु सेना की मदद से हमले को विफल कर दिया।

# आजम खान की पत्नी और बेटे के शस्त्र लाइसेंस निरस्त, दुरुपयोग की थी आशंका

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां के परिवार को एक और झटका देते हुए रामपुर के जिलाधिकारी ने उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम खां के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। पुलिस की विपरीत रिपोर्ट के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। शासकीय अधिवक्ता प्रेम किशोर पांडेय ने बताया कि डॉ. फात्मा और अब्दुल्ला के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट एक जनवरी 2022 को रामपुर के एसपी ने शस्त्र अधिनियम की धारा 17 के तहत जिलाधिकारी को दी थी।

रिपोर्ट में कहा गया था कि डॉ. फात्मा और अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े एक मामले में सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा अब्दुल्ला के खिलाफ 29 और डॉ. फातमा के खिलाफ 21 मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, चूंकि दोनों के खिलाफ कई मामले लंबित हैं, इसलिए शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग की संभावना है। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज किया गया और गुण-दोष के आधार पर इसका निपटारा किया गया। दोनों के पास 0.32 बोर की रिवॉल्वर है। मोहम्मद आजम खान एक भारतीय राजनीतिज्ञ, वकील और पूर्व निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिन्होंने रामपुर से सांसद के रूप में कार्य किया है। वे समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और उत्तर प्रदेश की सत्रहवीं विधानसभा के सदस्य थे।

## संक्षेप

### कार ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर ।बंथरा थाना क्षेत्र में कार सवार युवकों ने मोटरसाइकिल में मारी जोरदार टक्कर, मोटरसाइकिल सवार युवक हुआ घायल। बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा निवासी प्रदीप प्रजापति का कहना है कि 30 मई शाम 7:00 बजे कनक पशु आहार खटोला से घर जा रहे थे। वह अपनी मोटरसाइकिल वढ 32 दइ 3640 से कनक कनक पशु आहार से जुनाबगंज की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे ईको कार वढ 32 छए 3294 ने जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर लगते ही बाइक सवार नीचे गिर गया। प्रदीप का कहना है कि कार में बैठे चालक और उसके तीन साथियों ने उसके साथ मारपीट और गाली गलौज करने लगे। जेब में पड़े पैसे भी निकाल ले गए। पीडित का कहना है कि कार चालक सहित उसमें बैठे चारों लोग गाली देते हुये अपनी गाड़ी लेकर भाग गए ।पीड़ित ने बंथरा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं और उनकी सजगता से समाज को पता चलती है सच्चाई : अनिल दुबे

## भारतीय शिल्पकार समाज कल्याण समिति व जनतंत्र प्राइम भारत की टीम द्वारा किया गया सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय शिल्पकार समाज कल्याण समिति एवं जनतंत्र प्राइम भारत के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन को 'आइना' टीम, जनतंत्र प्राइम भारत और भारतीय शिल्पकार समाज कल्याण समिति की साझा मेहनत से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने समाज में योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया एवं अपने संबोधन में कहा कि समाज में सद्भाव एवं सामाजिक एकता के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। यह मंच समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं और उनकी सजगता से समाज के लोगों को सच्चाई से देश प्रदेश की खबरें पता चलती है और अन्याय और शोषण उजागर होता है।

सैयद रफत जुबैरी रिजवी कोषाध्यक्ष, यूपी ओलंपिक संघ ने कहा कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर समाज को नई दिशा दी जा सकती है। खेल और संस्कृति दोनों में सहभागिता समाज को मजबूती देती है। डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी (वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक) ने कहा कि समाज में सकारात्मक संवाद की आवश्यकता है मीडिया को अब सामाजिक उत्थान का माध्यम बनना होगा। अब्दुल अजीज सिद्दीकी (अध्यक्ष, पीएमडब्ल्यूजेए) पत्रकारों की भूमिका समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही और ईमानदार रिपोर्टिंग से जनमानस को सशक्त किया जा सकता है। समारोह में खुर्शीद आलम डॉ. ए.पी. सिंह , मनोज सिंह राष्ट्रीय लोकदल, गौसिया खानम (क्षेत्रीय संयोजिका, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच) ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में श्री दुबे ने सम्मानित किए गए समाजसेवियों और प्रतिभागियों को मंच से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन और आयोजन में 'आइना' टीम, जनतंत्र प्राइम भारत और भारतीय शिल्पकार समाज कल्याण समिति की भूमिका सराहनीय रही। यह समारोह सामाजिक समरसता, विविधता और एकजुटता का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें विभिन्न वर्गों और समुदायों के प्रतिनिधियों ने एक मंच से समाजहित के लिए एकजुटता का संदेश दिया।इस कार्यक्रम में उमर दराज, अमन मैरिज हाल के मालिक उमर अली पर का वध होटल के मालिक अब्दुल रईस वार्ड गली प्रथा के पार्षद श्रीमती शाइस्ता परवीन और पूर्व पार्षद अयाजुर रहमान, सैयद हबीब साहब, मोहम्मद जुनेद जिकरा जावेद , भारतीय शिल्पकार समाज कल्याण समिति के सचिव डॉ शेख मोहम्मद साहब, संस्था के कोषाध्यक्ष सैफी खान डॉक्टर अलमास ,पत्रकार मोहम्मद अनस , जे प्राइम भारत के संपादक आलम , सीमा हसन , आईना के संरक्षक कामरान साहब, आईना के अध्यक्ष अजय तिवारी आईना के राष्ट्रीय सचिव परमजीत सिंह और समस्त लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ट्रैक्टर से दबकर हुई मजदूर की मौत के मामले में भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सात मई को ट्रैक्टर से दबकर हुई मजदूर की मौत मामले में मृतक के भाई ने ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर पर दर्ज कराया मुकदमा ।मोहनलालगंज के सालसामऊ ललूमर निवासी सोनू ने अपने भाई मोनू रावत की ट्रैक्टर से दबकर हुई मौत मामले में ट्रैक्टर चालक आकाश पर ट्रैक्टर को तेजी और लापरवाही से चला कर भाई को दबाकर मारने का लगाया आरोप क सोनू का कहना है कि वह और उसका भाई मोनू ट्रैक्टर मालिक राम बालक के स्वराज ट्रैक्टर वढ 32 ळठ 5798 पर ईंट सप्लाई का काम करते है ।ट्रैक्टर सलसामऊ ललूमर निवासी आकाश चल रहा था ट्रैक्टर मालिक रामबालक द्वारा बताई गई जगह पर दोनों भाई ईंट ट्रैक्टर पर लादने के बाद उसी पर सवार होकर जा रहे थे ।ट्रैक्टर को मोहनलालगंज से लेकर आकाश किसान पथ की तरफ काशीराम कॉलोनी जा रहा था ।सोनू का कहना है कि कई बार उसने आकाश से कहा कि ट्रैक्टर धीरे चलाओ लेकिन वह नहीं माना और लापरवाही के साथ ट्रैक्टर को तेजी से चलाये जा रहा था जिसकी लापरवाही की वजह से दरोगा खेड़ा के पास किसान पथ की रेलिंग में ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही मोनू ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और वह ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दब गया। जहां पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई और सोनू को भी गंभीर चोटे आई यह हादसा होते ही ट्रैक्टर चालक आकाश मौके से फरार हो गया ।मौके पर पहुंची पुलिस सोनू और मोनू को अस्पताल ले गई। सोनू की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में घायल साइकिल सवार मजदूर की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां में शुक्रवार शाम को सड़क पार करते समय रोडवेज बस की चपेट में आए साइकिल सवार मजदूर की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई ।।



घटना निगोहां थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल मोड़ के पास साइकिल सवार मजदूर सड़क पार कर बाजार की तरफ जा रहा था दूसरी तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उसकी साइकिल में ठोकर मार दी जिससे मजदूर गम्भीर घायल हो गया था वही हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को ट्रामा सेंटर पहुंचाया था, जहां से उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान शनिवार को उसने दम तोड़ दिया घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया निगोहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निगोहां के शेरपुर लवल गांव निवासी राजेंद्र ने बताया कि उसके पिता विष्णु कुमार (55) शुक्रवार की शाम करीब सात बजे साइकिल से निगोहां बाजार जा रहे थे इसी दौरान जब वह शेरपुर लवल मोड़ पर सड़क पार कर रहे थे तभी लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक रोडवेज बस ने साइकिल में साइड से टक्कर मार दी टक्कर लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायल को निजी वाहन से ट्रामा सेंटर भिजवाया देर रात हालत नाजुक देख परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई मृतक विष्णु कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे उनके परिवार में पत्नी आशावती और तीन बेटे हैं बड़ा बेटा राजेंद्र व मंझला बेटा विजेंद्र हैं जबकि सबसे छोटे बेटे ने करीब डेढ़ वर्ष पहले बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी अब विष्णु की मौत से परिवार पर एक और दुख का पहाड़ टूट पड़ा है निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एसीपी ने नगराम थाने में 1206 लीटर अवैध कच्ची शराब का कराया विनिष्टीकरण

## 137 अभियोगों की संपत्ति नष्ट

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। शनिवार नगराम थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 1206 लीटर अवैध कच्ची शराब का विनिष्टीकरण/निस्तारण किया गया यह कार्रवाई नगराम थाना में वर्ष 2021 से 2024 तक दर्ज 137 अभियोगों के तहत जब्त की गई शराब के संदर्भ में की गयी इस विनिष्टीकरण अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस आयुक्त दक्षिणी श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा तथा नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी मौजूद रहे अभियान श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ श्री अमरेन्द्र कुमार सागर के निर्देशन व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के माल निस्तारण अभियान के तहत चलाया गया उल्लेखनीय है कि यह शराब पूर्व में पुलिस द्वारा बरामद कर थाना मालखाने में रखी गई थी न्यायालय के आदेश के पश्चात अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ के निर्देश पर गठित समिति की उपस्थिति में नियमानुसार विनिष्टीकरण की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। इस दौरान हर एक प्रकरण से संबंधित शराब को चिन्हित कर फोटो दस्तावेजों के साथ नष्ट किया गया निस्तारित शराब की अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपये आंकी गई है पूरी प्रक्रिया को मीडियाकर्मियों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ अंजाम दिया गया।

## श्री पवन पेट्रोलियम का हुआ भव्य शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। नगराम रोड स्थित आदमपुर नौबस्ता में शुक्रवार को श्री पवन पेट्रोलियम का भव्य शुभारंभ हुआ उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय जनता समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे पेट्रोल पंप के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्रवासियों को ईंधन के लिए दूरदराज जाने से मुक्ति मिल गई है इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक नाथ त्रिपाठी कहा कि श्री पवन पेट्रोलियम जैसे सेवा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की मजबूत कड़ी हैं इससे न केवल लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे कार्यक्रम में भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक नाथ त्रिपाठी, सुल्तानपुर के लंभुआ विधायक संतोष पांडेय, प्रयागराज से एमएलसी बाबूलाल तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, विधायक अविनाश त्रिवेदी मिश्रा, मोहनलालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सत्यम पांडेय, भाजपा जिला मंत्री हंसराज रावत, किसान नेता ऋषि मिश्रा, पूर्व मंत्री मनीष त्रिपाठी, वीरेंद्र तिवारी, विपुल अवस्थी, नीरज त्रिवेदी एवं दीपक तिवारी सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

पेट्रोल पंप के प्रबंधक श्री रामबाबू भारद्वाज एवं श्री अमरेंद्र भारद्वाज (सदस्य, जिला पंचायत एवं जिला कार्य योजना समिति, लखनऊ) ने आए हुए सभी अतिथियों और क्षेत्रीय नागरिकों का आभार प्रकट किया पंप के शुभारंभ से गंगागंज, नौबस्ता, नगराम सहित आसपास के गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी आयोजक मंडल ने बताया कि पंप पर उच्च गुणवत्ता का पेट्रोल-डीजल व सुविधाजनक सेवा मिलेगी।

# सेवानिवृत्ति खंड शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षकों का हुआ सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम

## डायट निशातगंज लखनऊ में सर्वजन हिताय संरक्षण समिति बेसिक शिक्षा के तत्वाधान में आयोजित हुआ सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राम मूर्ति यादव सहित लखनऊ के विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षकों को डायट प्राचार्य अजय सिंह , सर्वजन हिताय संरक्षण समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ब्लॉक मलिहाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी पद्मशेखर मौर्य ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दीपाली श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बेसिक शिक्षा अध्यक्ष निशा सिंह ने सरस्वती जी के समक्ष पुष्पांजलि वह दीप प्रज्वलन करा कर की। निशा सिंह ने लखनऊ के समस्त इस वर्ष रिटायर्ड शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन की दूसरी पारी दुगने उत्साह और समर्पण के साथ व्यतीत हो यही संगठन की शुभेच्छा है और हम सभी सुख-दुख में सभी शिक्षकों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शैलेंद्र दुबे ने बताया कि शिक्षक समाज की धुरी हमेशा ही रहा है रिटायर्ड होने के बाद शिक्षक की जिम्मेदारी समाज को सही दिशा और प्रत्येक स्थिति में समाज की दशा सुधारने में रहता है। वही डायट प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों व खंड शिक्षा अधिकारी राम मूर्ति यादव को उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए अब इन सभी का योगदान समाज में सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक रूप से पूर्णता के साथ मिलेगा और ऐसा कहा और सभी के सुख-दुख में संगठन के हमेशा खड़े रहने की बधाईदी। लखनऊ के ब्लॉक मलिहाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी पद्मशेखर सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी के तौर पर तथा मित्र के तौर पर राम मूर्ति यादव के व्यक्तित्व साथ काम करने अनुभव, गर्मजोशी और मिलनसार स्वभाव को उपस्थित सभी अतिथियों के साथ साझा किया। रीना त्रिपाठी ने सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं सभी को संगठन की तरफ से शुभकामनाएं प्रस्तुत की तथा रिटायरमेंट के बाद सामाजिक गतिविधियों में संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में उनके साथ की अपेक्षा की और संगठन प्रत्येक आवश्यकता औरइस नई यात्रा के आनंद के सफर में हमेशा साथ रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सीमा द्विवेदी अनीशा सिंह और दीपाली श्रीवास्तव द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया तो वहीं अन्य शिक्षकों ने कविता व गजल सुनाई।

सर्वजन हिताय संरक्षण समिति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तौर पर मुकुल पांडे, गीता वर्मा, महामंत्री सीमा द्विवेदी, कार्यक्रम संयोजक नेहा सिंह, मीडिया प्रभारी अंशु श्रीवास्तव, अर्चना सिंह ,आशा किरण चौधरी ने सभी का तिलक लगाकर माला पहनाकर आज के इस शुभ अवसर पर स्वागत किया। इस अवसर पर अन्य संगठनों के पदाधिकारी के तौर पर आमंत्रित टी एस सी टी जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह ने शिक्षकों के संस्था द्वारा आकस्मिक सहयोग के विषय में बताया वही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा , विशिष्ट बी टी सी से लल्ली सिंह, जूनियर शिक्षक संघ से सुधीर सहगल, आशीष सिंह, संजय यादव, जूनियर शिक्षक संघ से सुरेश जयसवाल ,पंकज तिवारी अर्चना शुक्ला, स्मित कौर ,पवन कुमार जी ने सभी को उज्जवल भविष्य की बधाई दी।

## नाबालिग युवती को भगाकर ले जाने का आरोप, परिजनों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कूढ़ा गांव में बीती रात एक नाबालिग लड़की को घर से भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया है परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कूढ़ा निवासी पीड़ित पिता ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 29 मई की रात लगभग 12:30 बजे जब पूरा परिवार गहरी नींद में सोया हुआ था तभी अचानक उसकी पत्नी को घर के अंदर कुछ हलचल महसूस हुई जब वह उठी और अपने पति व बच्चों को जगाया तो सभी ने मिलकर घर में देखा इस दौरान परिवार ने देखा कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री घर में मौजूद नहीं है परिजनों द्वारा तत्काल आसपास तलाश की गई लेकिन लड़की का कहीं कोई सुराग नहीं मिला इसके बाद पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तहरीर में उन्होंने बताया कि गांव के ही सत्यम पुत्र पाचू रावत निवासी कूढ़ा पर युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। मोहनलालगंज थानाप्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है, और आरोपी की तलाश में टीम गठित कर दी गई है। वहीं, घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और परिजन अपनी बेटी की सलामती को लेकर बेहद चिंतित हैं।

## नाबालिग युवती को भगाकर ले जाने का आरोप, परिजनों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कूढ़ा गांव में बीती रात एक नाबालिग लड़की को घर से भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया है परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कूढ़ा निवासी पीड़ित पिता ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 29 मई की रात लगभग 12:30 बजे जब पूरा परिवार गहरी नींद में सोया हुआ था तभी अचानक उसकी पत्नी को घर के अंदर कुछ हलचल महसूस हुई जब वह उठी और अपने पति व बच्चों को जगाया तो सभी ने मिलकर घर में देखा इस दौरान परिवार ने देखा कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री घर में मौजूद नहीं है परिजनों द्वारा तत्काल आसपास तलाश की गई लेकिन लड़की का कहीं कोई सुराग नहीं मिला इसके बाद पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तहरीर में उन्होंने बताया कि गांव के ही सत्यम पुत्र पाचू रावत निवासी कूढ़ा पर युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। मोहनलालगंज थानाप्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है, और आरोपी की तलाश में टीम गठित कर दी गई है। वहीं, घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और परिजन अपनी बेटी की सलामती को लेकर बेहद चिंतित हैं।

# आरजी होटल में भव्य भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज । शनिवार को निगोहां कस्बे में स्थित आरजी होटल प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में राहगीरों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समर्पण का भी प्रतीक बना, जिसमें विशेष योगदान सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज की स्काउट-गाइड टीम ने दिया कार्यक्रम का नेतृत्व सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज की शिक्षिका श्रीमती स्वेता त्रिवेदी ने किया, जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय क्रिस्टा का मार्गदर्शन प्राप्त था उनकी अगुवाई में दो दर्जन से अधिक स्काउट-गाइड सदस्यों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर प्रसाद वितरण में अपनी सहभागिता निभाई यह श्रमदान विद्यार्थियों में सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जाग्रत करने का एक सराहनीय प्रयास रहा भंडारे में राहगीरों और स्थानीय लोगों को पूड़ी, सब्जी, छोला-चावल, खीर सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों का वितरण किया गया लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों से गुजरने वाले यात्रियों ने इस भंडारे का भरपूर लाभ उठाया और आयोजकों के इस सेवा भाव की प्रशंसा की आयोजन समिति में विवेक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में विशेष प्रयास किया। भंडारे के आयोजन में वरिष्ठ नेता अमरपाल सिंह, निगोहां पूर्व प्रधान अजय सिंह, विकास सिंह पूर्व महामंत्री केकेसी, योगेश बाजपेई, उद्योग व्यापार मंडल निगोहां अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी महामंत्री पंकज मिश्रा सहित सेंट फ्रांसिस की स्काउट-गाइड टीम में आराध्य तिवारी, पुलिंद शर्मा, प्रतीक त्रिवेदी, अर्पित, अनन्य पाल, विनायक सोनी, उत्कर्ष, आयुष प्रजापति, दिव्यांश द्विवेदी, श्रुति चौधरी, दीक्षा सिंह, परी सिंह, माविया, शिफा, अंशिका शर्मा एवं लक्ष्मी यादव जैसे छात्र-छात्राओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विवेक गुप्ता ने बताया कि यह भंडारा जेष्ठ माह के पावन अवसर पर श्रद्धा व जनसेवा की भावना से आयोजित किया गया उन्होंने कहा कि ह्लसेवा ही धर्म हैह्व की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन किया गया, जिसमें स्काउट-गाइड टीम का श्रमदान विशेष रूप से प्रेरणादायी रहा समाज सेवा, श्रद्धा और युवा शक्ति के सामूहिक प्रयास का यह आयोजन एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आया।

## मोहनलालगंज पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। शनिवार मोहनलालगंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने उसके कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है, जिसे तीन माह पूर्व थाना कैण्ट क्षेत्र के सदर इलाके से चुराया गया था मोहनलालगंज थानाप्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि एक संदिग्ध युवक मोहनलालगंज इलाके में चोरी की स्कूटी बेचने की फिराक में है इस पर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए जाल बिछाया और संदिग्ध युवक को मौके से पकड़ लिया पूछताछ में उसने अपनी पहचान अनमोल यादव उर्फ मुकुल यादव पुत्र मुकेश यादव, निवासीः 328/6, सुभाष मोहल्ला, सदर, थाना कैण्ट, लखनऊ के रूप में बताई। मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन में इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बीती रात अभियुक्त को चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया बरामद स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर (UP.32.GD.9589) है, जिसकी चोरी का मुदकमा कैण्ट थाने में पूर्व में दर्ज है गिरफ्तार किए गए आरोपी पर पहले से भी कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं मोहनलालगंज पुलिस की यह कार्रवाई न केवल चोरी की घटना का खुलासा है बल्कि सक्रिय अपराधियों पर लगाम कसने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास भी है स्थानीय पुलिस की तत्परता और सतर्कता से एक बार फिर यह साबित हुआ कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकता।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के चंदौली बुजुर्ग गांव के मजरे भवानी खेड़ा गांव निवासी रामू 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सरजू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत में हो गई मृतक राधिका गेस्ट हाउस में काम करता था और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उसी पर थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रामू की पत्नी बसंती ने बताया कि उसका पति लंबे समय से शराब का आदी था और अक्सर नशे की हालत में घर आता था। उसने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन नशे की लत से छुटकारा नहीं मिल सका।घटना वाले दिन भी वह नशे में था और देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।बसंती ने यह भी बताया कि रामू की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के पीछे पांच बच्चे हैं तीन बेटियां और दो बेटे जिनमे कुमकुम पारुल छोटी अनुराग कार्तिक रो रो कर बेहाल हो गए पुलिस ने बताया कि मृतक की हालत देखकर प्रथम दृष्टया मामला अत्यधिक शराब के सेवन से हुई मौत का लग रहा है, लेकिन वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच जारी है।मृतक की पत्नी ने प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और पालन-पोषण के लिए उसके पास कोई साधन नहीं है। यदि सरकार या प्रशासन की ओर से कोई मदद मिलती है तो वह बच्चों को एक बेहतर जीवन दे सकेगी।

### सोशल मीडिया पर युवक ने की अभद्र भाषा में टिप्पणी, दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत लोचीखेड़ा मजरे चैनपुर निवासी प्रदीप उर्फ आशु जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पड़ी करने की शिकायत की थी जिस पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बिहार में धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।प्रदीप जायसवाल ने तहरीर देते हुए बताया किउसकी फेसबुक आई0डी0 आशू जायसवाल के नाम से संचालित है। जिस पर गुरुवार की मध्य रात्रि पर अपनी पुत्री के जन्मोत्सव की फोटोग्राफी शुभकामनाओ एवं आशीर्वाद हेतु अपनी फेसबुक आई०डी० वाल पर अपडेट की थी जिस पर चौहान जी नाम की आई0डी0 से एक अज्ञात मित्र सूची में शामिल व्यक्ति मेरी उक्त पोस्ट पर लैंगिक एवं यौन क्रिया आपूर्ति करने व मुझे समाज में बदनाम व उसकी ख्याति को नष्ट करने की नियत से भद्दे-भद्दे व्यंग कर रहा है। साथ ही मेरे परिवार पर भी गंदे व्यंग कर रहा है।इसने मेरा व मेरे परिवार का मान सम्मान प्रतिष्ठा को चोट पहुँचाने व धूमिल करने जैसा घिनौना कृत्य किया है।पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना बिहार को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए जिस पर थाना बिहार पुलिस ने धारा 67 अन्तर्गत नामित युवक पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# अपनी समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने 9 सूत्रीय सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट से मिला।व्यापारियों ने जीएसटी और मंडी शुल्क के रिटर्न में देरी पर लगने वाले 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत करने की मांग की है।उनका कहना है कि तकनीकी कारणों से कभी-कभी रिटर्न में देरी हो जाती है।ई-वे बिल की सीमा को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने की मांग भी की गई है।व्यापारियों के अनुसार वर्तमान परिवहन और माल के मूल्यों को देखते हुए मौजूदा सीमा व्यावहारिक नहीं है।व्यापारियों ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक का बीमा कवर मांगा है। आग या लूटपाट जैसी घटनाओं से सुरक्षा के लिए भी 10 लाख रुपए का बीमा कवर चाहिए। बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं पर भी ध्यान दिलाया गया है।फिक्स और मिनिमम चार्ज समाप्त करने की मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि कई बार बिना कनेक्शन या मीटर के भी बिल जारी कर दिए जाते हैं।नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा लगाए जा रहे मनमाने हाउस टैक्स पर भी आपत्ति जताई गई है। बाल श्रम के नाम पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने और फूड विभाग की सैंपलिंग प्रक्रिया को तेज करने की मांग भी की गई है।चार महीने के विलंब को खत्म करने की मांग भी शामिल है। व्यापारियों का कहना है कि रिपोर्ट लंबित रहने से दुकानें सील रहती हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। अंत में मंडल अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारी वर्ग सरकार के साथ है और आगे भी सहयोग करता रहेगा, बशर्ते कि उसकी समस्याओं का समाधान समय रहते किया जाए। उन्होंने प्रशासन से जल्द उचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार एक की मौत, दो घायल, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।आसीवन थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मियागंज आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के सामने तीन लोगों की बाइक को पहले ट्रक ने टक्कर मारी।इसके बाद पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने तीनों को रौंद दिया।हादसे में मियागंज के मोहल्ला तोपखाना निवासी 65 वर्षीय साबिर की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद 25 वर्षीय राहिल और कानपुर के 27 वर्षीय फैज गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को कानपुर के अस्पताल ले गए हैं।पुलिस ने मृतक साबिर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी हुस्ना समेत परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# जेलर की जेल अधीक्षक के पद पर हुई पदोन्नति

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कारागार विभाग में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारियों को सम्मानित करते हुए जिला कारागार उन्नाव में तैनात जेलर अरुण कुमार मिश्र को जेल अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति न केवल उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि उनके नेतृत्व में उन्नाव जेल में किए गए अनुकरणीय कार्यों की भी पुष्टि करती है।पदोन्नति आदेश प्राप्त होते ही शनिवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर (आई.पी.एस.) व वर्तमान जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह द्वारा जेल परिसर में एक सादे किन्तु गरिमामय कार्यक्रम में अरुण कुमार मिश्र को अशोक की लाट लगाकर नयी वर्दी धारण कराई गई। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।अरुण कुमार मिश्र 4 जुलाई, 2024 को मिजार्पुर जेल से स्थानांतरण होकर उन्नाव जेल पहुंचे थे।जुलाई 1997 में डिप्टी जेलर के रूप में सेवा में आने वाले मिश्र को मई 2015 में जेलर के पद पर पदोन्नति मिली थी। अपने सेवा काल के दौरान उन्होंने जहां भी कार्य किया, वहां जेल की व्यवस्था को अनुशासित, पारदर्शी और मानवतावादी दृष्टिकोण के साथ संचालित किया। उन्नाव जेल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनके नेतृत्व में उन्नाव जेल में उत्पादित सब्जियां लखनऊ, कानपुर नगर और उरई (जालौन) की जेलों तक भेजी गईं।इसके साथ ही एक विशेष पहल के अंतर्गत बंदियों को कुंभ से लाए गए पवित्र जल से स्नान करवाया गया, जो उस समय राष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियों में रहा। गौरतलब है कि इस बार शासन द्वारा प्रदेश भर के 13 जेलरों को जेल अधीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है, जिनमें अरुण कुमार मिश्र का नाम भी शामिल है। हालांकि, उनके नए तैनाती स्थल के लिए आदेश शासन स्तर से अलग से जारी किए जाएंगे।

## आंधी तूफान में नीम का पेड़ गिरने से ई रिक्शा चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम को आंधी-तूफान के दौरान एक नीम का पेड़ गिरने से 25 वर्षीय ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक ललित पुत्र रामखेलावन गांव पारा का निवासी था। वह बल्दीखेड़ा गांव से सवारियां छोड़कर लौट रहा था। तेज आंधी के कारण ललित ने ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर दिया। वह एक पुराने नीम के पेड़ के नीचे रुक गया। कुछ ही देर में तेज हवा के झोंके से पेड़ गिर गया। ललित उसके नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया स्थानीय लोगों की सूचना पर मौरावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह घर का मुख्य कमाने वाला सदस्य था।उसकी मौत से परिवार में मां सरस्वती और दो छोटे भाई अंकित और अमित का रो-रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों के अनुसार, नीम का पेड़ काफी पुराना था। इसकी शिकायत पहले भी कई बार की गई थी। समय पर कार्रवाई न होने से यह हादसा हुआ। इस आंधी-तूफान से क्षेत्र के कई गांवों में बिजली के खंभे और तार टूट गए हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

# शिक्षक को भगवान श्री राम की नगरी में किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम आलमऊ सराएं स्थित प्राथमिक विद्यालय के एक मेधावी सहायक शिक्षक को अभिनव प्रयोग अंतर्गत काव्य और लेख के लिए चयनित कर उन्हें भगवान राम की नगरी अयोध्या में सम्मानित किया गया है।जिससे क्षेत्र के सभी शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गंजमुरादाबाद विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय आलमऊ सराएं में तैनात सहायक शिक्षक प्रांजल गुप्ता की रुचि छात्र जीवन में भी काव्य रचना और समसामयिक लेखन में रही है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही ₹परिवर्तन और अनुभव ₹ विषय पर लेख लिखा और काव्य रचना अंतर्गत मन की शीतलता शीर्षक से कविता की भी रचना की है।इन दोनों विधा की रचनाओं को सृजन अंतरराष्ट्रीय कला संस्कृति अयोध्या द्वारा चयनित कर लिया गया।बीते 26 मई को अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में संयोजक मनीष देव, उ.प्र. शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक गणेश कुमार, उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ कृष्ण चंद्र वर्मा, अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक संतोष कुमार शर्मा, तथा अयोध्या के मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह आईएएस द्वारा शिक्षक गुप्ता को प्रतीकात्मक मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर आज शनिवार को विद्यालय में दर्जनों शिक्षकों ने भी शिक्षक श्री गुप्ता को फूल-मालाओं से लाद दिया।।

## ठेलिया से बाइक की टक्कर अनियंत्रित हुई, बाइक से पति पत्नी गिरे, पत्नी की मौत, पति घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग के देवगांव के पास साइकिल ठेलिया से बाइक की भिंडत हो गई जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर घिसलने से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए जिन्हें सी एच सी ले जाया गया जहा पर मौजूद डाक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया वही पति की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के देवगांव गांव निवासी दृगपाल सिंह शनिवार को पत्नी ज्ञानेन्द्री (40) के साथ बाइक से दवा लेने हसनगंज गए थे।शाम को वह वापस घर लौट रहे थे।अभी वह गांव के सामने चौराहे पर पहुंचे ही थे तभी अचानक सामने आई एक साइकिल ढेलिया से बाइक टकराने के बाद सड़क पर घिसटती चली गयी।बाइक पर बैठी पत्नी ज्ञानेन्द्री सड़क पर जा गिरी ग्रामीणों ने पत्नी सहित घायल पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लाए जहाँ पर मौजूद डॉक्टर ने ज्ञानेन्द्री को मृत घोषित कर दिया वही पति की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।मृतका के दो पुत्र व एक पुत्री है मां की मौत से बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक एस एन त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम भेजने की कार्यवाही की जा रही है

# पीएसी का ट्रक पानी के टैंकर से भिड़ा, एक जवान समेत दो मजदूर घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शनिवार दोपहर पीएसी का ट्रक एक पानी के टैंकर से भिड़ गया। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर के पास खड़े दो मजदूर और ट्रक में सवार पीएसी का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब पीएसी की यूनिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर दौरे के बाद लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अजगैन थाना क्षेत्र के अंतर्गत निमाणाधीन यूनिवर्सिटी के पास डिवाइडर पर लगे पौधों को पानी देने के लिए पीएनसी कंपनी का टैंकर खड़ा था।इसी दौरान तेज रफ्तार पीएसी ट्रक पीछे से टैंकर से जा भिड़ा।जिससे मजदूरों में रवि (20), निवासी डंडी गांव जिला बाराबंकी और रंजीत (35), निवासी मुर्तजा नगर, उन्नाव घायल हो गए वहीं ट्रक में सवार पीएसी का मुख्य आरक्षी दूधनाथ यादव (55), निवासी सहजनवा, गोरखपुर भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीनों को नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल और फिर मजदूरों की हालत बिगड़ने पर कानपुर रेफर किया गया।थाना प्रभारी अजगैन सुरेश सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में ट्रक चालक द्वारा नियंत्रण खोने की आशंका जताई गई है। उन्होंने बताया कि जांच जारी है।घायल जवान ने बताया कि वे 30वीं बटालियन गोंडा से कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की ड्यूटी पर आए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद लौटते समय यह हादसा हुआ।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि हाईवे पर जगह-जगह सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो रही है। कार्यस्थलों पर चेतावनी बोर्ड और संकेतक नहीं लगाए जाते, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पीएसी कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल मजदूरों के परिजनों को सूचित किया। कंपनी ने इलाज का खर्च उठाने की बात कही है। वहीं पीएसी ने भी घायल जवान के लिए चिकित्सा सहायता सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया है।

# दबंगों ने गरीब की उजाड़ी झोपड़ी, पीड़ित परिवार ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के मल्हपुर चहलहा गांव में एक परिवार के तीन भाइयों पर दबंगो का कहर देखने को मिला है।तीनों भाई अपनी पत्नियों और मासूम बच्चों, व दो दर्जन मवेशियों को लेकर शनिवार दोपहर दो बजे 6 किलोमीटर पैदल चलकर अचानक तहसील पहुंचे जानवरों को आता देख लोग सन्न रह गए और वहां मौजूद कर्मचारियों ने घटना की जानकारी एसडीएम साहब को दी.एसडीएम शुभम यादव ने पीड़ित परिवार को अंदर बुलवाया और मामले की जांच कराने का आश्वाशन दिया.लेकिन मासूम बच्चों को गोद में लेकर महिलाएं तहसील परिसर में ही मवेशियों को बांधकर बैठ गए और बोले जब तक न्याय नहीं मिलता तो कहा जाए रहने को घर ही नहीं है।वही पीड़ित सुनील कुमार ने बताया कि हमारी दो पीढ़ियां इसी ग्राम समाज की जमीन पर रहती आ रही हैं.यही नहीं और भी कई मकान बने पड़े हुए हैं.लेकिन हमारे पास पैसा नहीं है.जिस कारण हम लोग झोपड़ी में रह रहे थे।आज गांव के एक दबंग परिवार के साथ एक वन विभाग के दरोगा पप्पू यादव द्वारा मौके पर जाकर झोपड़ी खाली कराने और उचित कार्रवाई के लिए कहा गया.जिसका पीड़ित परिवार ने विरोध किया.की सभी लोग ग्राम समाज की जमीन पर रह रहे हैं.फिर मुझे ही क्यों निकाला जा रहा है।पीड़ित तीन भाई है.शिवकुमार,सुनील,सुरेश पुत्रगण स्व राजाराम बांगरमऊ के मल्हपुर चहलहा गांव के निवासी है।सुनील अपनी पत्नी प्रीति ,बेटा सुमित 6 वर्ष,शिव 5 वर्ष, और शिवांशु 5माह ,वही शिवकुमार पत्नी बुधाना बेटा रोहित 17,पूजा15 वर्ष,आर्यन 10 वर्ष,मोहित8वर्ष,शिवा 3 वर्ष, और सुरेश अपनी पत्नी काजल बेटा प्रिंस 8वर्ष, कृष्णा 6 वर्ष, कृषि 3 वर्ष,प्रांशु 2 माह और मवेशियों को लेकर दोपहर कड़ी धूप में पैदल 6 किलोमीटर चलकर तहसील पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई है।वही ग्राम प्रधान दिवाकर ने बताया कि ये परिवार मेरी जानकारी में तीस सालों से रह रहा है।लेकिन जहां पर रह रहा था.उस जमीन में चकबंदी में रस्ता निकाल दी गई है.इसके अलावा भी कई परिवार रहते हैं.इन्हें निकाला गया है.जो कि पूर्णतया गलत है. और इन परिवारों के पास रहने को जमीन भी नहीं है।वही जब एसडीएम शुभम यादव को फोन कर जानकारी ली गई तो बताया गया कि वह अभी मीटिंग में हैं।

# गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान के साथ किया गया जवान का अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के गोसाइखेड़ा गाँव में बेटे के मौत की खबर सुन पिता ने भी दम तोड़ दिया था। एक साथ पुत्र- पिता की मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया।देर रात पहुँचे पुत्र के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शनिवार को गॉड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। गोसाइखेड़ा निवासी रामकुमार उर्फ मुंशी उम्र 72 कुछदिनों से बीमार चल रहे थे।बीमार होने की वजह से परिजनों ने रामकुमार को रायबरेली के एम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया था। बीमार पिता को देखने आ रहे मुम्बई की आरपीएफ 12 वी बटालियन में तैनात जितेंद्र उम्र 36 वर्ष ने मुम्बई से हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ी ।हैदराबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो की फ्लाइट में जैसे ही बैठा उसके सीने में अचानक तेज दर्द शुरू हो गया। एयरपोर्ट के कर्मचारियों ने जवान जितेंद्र को पास के ही अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गयी व मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार मौत का कारण उसकी दोनो किडनी का खराब होना बताया गया। बेटे के मौत की खबर जैसे ही बीमार पिता को लगी उन्होंने एम्स हॉस्पिटल में ही दम तोड़ दिया।पिता का अंतिम संस्कार शुक्रवार को बक्सर घाट पर कर दिया गया लेकिन घर मे यह बात नही बतायी गयी कि जितेंद्र की भी मौत हो गयी है।पिता के अंतिम संस्कार के दौरान ही परिजनों में जितेंद्र की मौत की सुगबुगाहट होने लगी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।रात करीब 1:30 बजे फ्लाइट से आये शव को आरपीएफ के जवान जितेंद्र के पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुँचे। शुबह लखनऊ से आये आरपीएफ कमांडेंट एन. एस, थिथियाल ने दिवंगत जितेंद्र की पत्नी पूजा से जरूरी कागजातों पर हस्ताक्षर करवा अंतिम संस्कार हेतु 40 हजार नगद धनराशि सौंपी।जितेंद्र के पार्थिव शरीर आरपीएफ से आये 30 जवानों ने सैनिक सम्मान गॉड ऑफ ऑनर दिया उसके उपरांत दिवंगत के बड़े भाई धर्मेंद्र ने मुखाग्नि दी ।पास में ही खड़ा दिवंगत का 4 वर्षीय बेटा अखिल कह रहा था पापा उठ जाओ चाचा लोग आग लगा रहे जल जाओगे।

## गहने व रुपया लेकर युवती हुई फरार पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती देररात्रि को घर में रखें जेवरात व नगदी लेकर युवती रफूचक्कर हो गई पिता ने संदेह के आधार पर एक युवक को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी पिता ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी पुत्री बीती देर रात्रि को घर में रखें जेवरात व लगभग 40000 कैश लेकर चली गई मैंने हर जगह पता लगाया लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका हमें शंका है कि ग्राम सिकंदरपुर निवासी अंशुल राजपूत पुत्र पृथ्वी पाल पहले से मेरी पुत्री से अक्सर मोबाइल से बात किया करता था यही लेकर गया है अब उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# विहिप के कार्यकताओं ने बहुचर्चित ठाकुरद्वारा मंदिर की भूमि को दबंगों के अवैध कब्जे से मुक्त कराने हेतु एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।कस्बा के हरदोई उन्नाव मार्ग के किनारे स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा निर्माण हटवाकर कब्जेदारों के खिलाफ कार्यवाही करके मंदिर भूमि को सुरक्षित करने के लिए राम नरेश सिंह चौहान जिला कार्यवाहक आर एस एस लवकुश नगर उन्नाव, बद्री मिश्रा अध्यक्ष विहिप उन्नाव, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा जिला कार्य अध्यक्ष विहिप उन्नाव ने उपजिलाधिकारी सफीपुर शिवेंद्र कुमार वर्मा को शिकायती पत्र ज्ञापन सौंपते हुए अवैध कब्जे निर्माण को रोकने और किए गए कब्जे निर्माण को ध्वस्त कराने के साथ कब्जेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है ।साथ ही मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार एवं सभी सदस्यों की मृत्यु होने या निष्क्रिय होने से मंदिर भूमि पर अवैध कब्जे व निर्माण हो रहे है ऐसी स्थिति में मंदिर की संपत्ति परिसंपत्ति भूमि भवन आदि की रक्षा सुरक्षा देखभाल के हेतु निगरानी समिति का गठन करने तथा मंदिर भूमि से अवैध कब्जे हटवाकर सुरक्षित संरक्षित करने की पुरजोर मांग की है । उपजिलाधिकारी ने जांच कराकर कठोर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। संगठन के नेताओं ने बताया कि यदि नियमानुसार कार्यवाही नहीं हुई मंदिर भूमि पर से अवैध कब्जा हटाकर मंदिर भूमि अवैध कब्जा मुक्त कर सुरक्षित नहीं की गई तो जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा तत्पश्चात मामला मुख्यमंत्री के समक्ष पेश किया जाएगा । बताते चले कि विराजमान ठाकुर जी महाराज की भूमि नंबर 3813 एवं 3818 जो कि हरदोई उन्नाव मार्ग के किनारे स्थित है इस बेस कीमती मंदिर की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है ।अभी हाल ही में इसी भूमि पर तहसील प्रशासन की रोक के बावजूद रातों रात अवैध कब्जा निर्माण किया जा रहा था जिसे सूचना पर एसडीएम ने जरिए पुलिस रुकवाया था।जो सोशल मीडिया और अखबारों में सुर्खियां रही इसके पूर्व भी इसी भूखंड पर जनवरी 2023 में मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश की गई थी तब भी तात्कालीन मौजूदा एसडीएम ने रोक लगा अवैध कब्जा न करने की हिदायत के साथ अल्टीमेटम दिया था ।लेकिन दबंगों ने अधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाकर अवैध निर्माण कब्जा करना फिर शुरू किया है ।जिसपर तीसरी बार फिर तत्काल प्रभाव से एसडीएम ने रोक लगा दी है । दबंग अवैध कब्जेदारो ने प्रशासन को और शासन को ठेंगा दिखाते हुए चुनौती देकर रोक के बाद भी रातों रात निर्माण कार्य शुरू कराकर पिलर खड़े कर दिए । इधर इसी मामले में विहिप और संघ के नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन शिकायती पत्र देकर ठाकुरद्वारा मंदिर भूमि पर किए गए निर्माण कब्जा को हटवाने और मंदिर की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर कब्जेदारो के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा निगरानी समिति बनाने की मांग की है । ताकि मंदिर की संपत्ति परिसंपत्ति भूमि भवन आदि की रक्षा सुरक्षा रखरखाव देखरेख हो सके । उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ठाकुरद्वारा मन्दिर ट्रस्ट की भूमि है जिसपर अवैध रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है जिसकी जांच के आदेश दिए गए है जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

## सम्पादकीय

# औद्योगिक गिरावट आर्थिक ग्रोथ के लिए चिंता की बात

केवल भावनात्मक मुद्दों पर धन व संसाधन को व्यर्थ करने के बजाय सरकार को उद्योग क्षेत्र की मजबूती पर ध्यान देना चाहिए। सुस्ती का सामना कर रही चीन की अर्थव्यवस्था भी भारत के आंकड़ों में तेज जीडीपी वाली अर्थव्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। अमेरिका भी विश्व में आपदा में अवसर के सिद्धांत से ट्रेड वार, टैरिफ वार और रक्षा निर्यात से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है, जबकि विश्व में सबसे तेज ग्रोथ का तमगा ढो रही भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक मोर्चे पर लगातार मात खा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, अप्रैल में भारत के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रही, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का कमजोर प्रदर्शन है। पिछले साल यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। आईआईपी दर मार्च संशोधित 3.9 प्रतिशत और फरवरी में 2.7 फीसदी थी। चीन की अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो भारत से काफी अधिक है। मार्च में चीन की औद्योगिक उत्पादन दर 7.7 फीसदी थी। इससे पहले आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर की वृद्धि दर में काफी कमी दर्ज की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के आठ आधारभूत उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन वृद्धि दर भी अप्रैल में भारी गिरावट के साथ आठ महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल 2024 में वृद्धि दर 6.9 फीसदी थी। इस गिरावट का मुख्य कारण रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट और पिछले साल की उच्च आधार दर रही। कोर सेक्टर के आठ उद्योग (क्रूड ऑयल, उर्वरक, बिजली, इस्पात, सीमेंट, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और कोयला) आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान करते हैं। क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) का उत्पादन -2.8 प्रतिशत रहा, जो लगातार चौथे महीने गिरावट में रहा। रिफाइनरी उत्पादों में -4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछले आठ महीनों में पहली बार है। उर्वरकों का उत्पादन भी -4.2 प्रतिशत गिरा, जो 11 महीनों में पहली गिरावट है। सीमेंट का उत्पादन 6.7 फीसदी की दर से बढ़ा, लेकिन यह वृद्धि दर भी छह महीने के निचले स्तर पर रही। बिजली उत्पादन में भी सिर्फ 1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो सात महीने की सबसे कमजोर दर है। इस्पात (स्टील) की वृद्धि दर घटकर 3 प्रतिशत रह गई। कोर इंडस्ट्री सेक्टर के प्रदर्शन का आईआईपी पर सीधा प्रभाव पड़ता है। कमजोर आईआईपी उद्योग के प्रदर्शन, रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से रोजगार और वेतन वृद्धि में कमी आएगी, निर्यात पर असर पड़ेगा, वैश्विक निवेश सेंटिमेंट प्रभावित होगा और अंततः महंगाई में वृद्धि होगी। आईआईपी कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और निवेश को भी प्रभावित करता है। भारत की औद्योगिक कमजोरी को देखते हुए ही लगभग सभी वैश्विक रेटिंग व वित्तीय एजेंसियों ने अपने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को संशोधित कर घटा दिया है। एफडीआई में भी कमी दर्ज हुई है। भारतीय कंपनियां भी नए निवेश कम कर रही हैं। जमीनी स्तर पर औद्योगिक क्षेत्रों की हालत सुधारे बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। अमेरिका व चीन के बीच जारी टैरिफ वार के बाद विश्व में उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए भी भारत को अपने औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना होगा। सरकार को 'ऑपरेशन उद्योग' पर भी फोकस करना चाहिए। आर्थिक सुधार, नीतिगत रफ्तार, निवेश, इनोवेशन व घरेलू मांग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।



कूटनीति
राज कुमार सिंह

# ट्रंप के पाक-प्रेम से सबक सीखे भारत

ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं।

कभी जिन डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनमें संवादहीनता का असर अमेरिका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं।

यह बहस का विषय है कि दो देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-गाजा युद्ध में किसी ने नहीं सुनी तो भारत और पाकिस्तान के बीच ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किए जा सकते।

बेशक अतीत में भी अमेरिका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले तीन दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत के बीच परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात प्रारंभ से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि चार साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वादों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था? अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, दो बड़े कारोबारी साझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए गंभीर आरोप लगाया। दो देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर ही तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दिया, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा।

अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो सकता है तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप



बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है। ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कंपनियों पर भी भारत के बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार तो हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल- जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब 2013 में अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन पिछले दिनों रियाद में ट्रंप उसी के साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से ही संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमेरिका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/ 11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था। भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी देकर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है।

इसके बावजूद ट्रंप ऐसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उसके कारण भी होंगे। शीत युद्ध काल में अफगानिस्तान से सोवियत संघ समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए, अमेरिका के लिए ही, पाकिस्तान ने तालिबानी आतंकवाद को पाला-पोसा। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अंतरराष्ट्रीय मीडिया में स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनका देश पश्चिमी देशों के लिए यह पाप अरसे से करता रहा है। बेशक अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल अपनी भू-राजनीतिक रणनीति में करता रहा है। बदले में उसे खुले हाथों सैन्य और आर्थिक मदद दी जाती रही है। ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भी सब कुछ वैसे ही चल रहा है। भविष्य में भी यह मदद रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आती। खुद आर्थिक मदद देने के अलावा पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में भी अमेरिका की भूमिका रही।

दरअसल, अमेरिका के रणनीतिक हितों के अलावा अब कारोबारी हितों की भी चर्चा है। पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो करंसी डील करने वाली अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार के भी कारोबारी हित बताये जाते हैं। उधर पाकिस्तान की खनिज संपदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले एक आतंकवादी देश पाकिस्तान पर इस मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता की खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक लेकर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नये सिरे से तय करनी चाहिए।

सीएपीएफ
सुनील कुमार महला



# सुप्रीम कोर्ट का मनोबल बढ़ाने वाला फैसला!

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक व बड़े फैसले में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक (आईजी) स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति कम करने का निर्देश दिया है, ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कैडर अधिकारिक के लिए मनोबल बढ़ाने वाला फैसला कहा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से उनके मनोबल पर 'प्रतिकूल प्रभाव' पड़ सकता है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए, यह नहीं हो सकता कि उन्हें एक लाभ दिया जाए और दूसरे से वंचित रखा जाए। यह बहुत ही काबिले-तारीफ है कि अब केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में ओजीएएस (संगठित समूह ए सेवा) के लिए बाकायदा छह माह की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सीएपीएफ अधिकारियों की पदोन्नति और उनको फाइनेंशियल प्रोफिट (लाभ) की उम्मीदें बंध गई हैं। इस क्रम में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चार वर्ष से लंबित कैडर रिव्यू प्रक्रिया, उक्त अवधि में ही पूरी किए जाने के आदेश दिए हैं। बता दें कि 3 सितंबर 2015 को अदालत ने अपने फैसले में सीएपीएफ को 1986 से 'संगठित समूह ए सेवा' घोषित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इसका फायदा नहीं मिल पा रहा था। गौरतलब है कि सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) में ओजीएएस का मतलब है 'संगठित समूह ए सेवा।' दरअसल, ओजीएएस एक ऐसा संगठन है जो भारत सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए बनाया गया है, जैसे कि आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि। वास्तव में, सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा मिलने का मतलब है कि सीएपीएफ के अधिकारी भी आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के समान लाभ प्राप्त करेंगे, जैसे कि पदोन्नति और गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई 2019 को, सर्वोच्च न्यायालय ने सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा देने का आदेश दिया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात मानी है कि सीएपीएफ अधिकारी, देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के साथ-साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करने और देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में उनकी समर्पित सेवा को अनदेखा या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, अपने करियर में बहुत अधिक ठहराव का सामना कर रहे हैं। अदालत ने इन बलों में बतौर प्रतिनियुक्ति बाहर से आने वाले अधिकारियों की संख्या (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के स्तर तक) को धीरे-धीरे कम किए जाने के साथ ही उनकी सेवा अवधि अधिकतम 2 वर्ष तक सीमित करने की बात भी कही है। इस ग्रेड में आईजी (महानिरीक्षक) रैंक वाले अधिकारी आते हैं। यानी कुछ वर्षों के दौरान इन बलों में आईजी रैंक तक आईपीएस प्रतिनियुक्ति को खत्म किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि प्रतिनियुक्ति पदों में यह कमी सीएपीएफ कैडर अधिकारियों को बलों के प्रशासनिक कामकाज में अधिक भागीदारी करने की अनुमति देगी और लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करेगी। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदेश दिया है कि सभी सीएपीएफ में कैडर समीक्षा, जो वर्ष 2021 में होनी थी, आज से छह महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए। हालांकि, गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए यह बात कही है कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक 'महत्वपूर्ण हिस्सा' हैं। ये बल विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, इसलिए आईपीएस अधिकारी सीएपीएफ के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी हैं, जिससे संबंधित राज्य सरकारों और उनके संबंधित पुलिस बलों के साथ सहयोग की सुविधा मिलती है.

## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## गलत काम जीवन की तपस्या कर सकता है बर्बाद



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### केंद्र-राज्यों की एकजुटता जरूरी

हाल ही में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिलिंग की बैठक में यह जो विचार किया गया कि देश के विकास के लिए केंद्र और राज्यों का सहयोग जरूरी है, यह विचार बहुत अच्छा और जरूरी है, क्योंकि सभी राज्यों के विकास से ही दुनिया के सामने देश के विकास की तस्वीर सामने आती है। कुछ राज्य विकास के मामले में नंबर वन बनने की रेस में आगे हैं, पर कुछ फिसड्डी हैं। केंद्र सरकार देश के हर राज्य के लिए एक बराबर योजनाओं को अमल में लाती है, लेकिन अक्सर यह भी देखा जाता है कि केंद्र और राज्य में अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के सत्ता में होने के कारण कुछ राज्य केंद्र की नीतियों को अपने यहां उचित रूप से लागू नहीं करते हैं। जब केंद्र-राज्य एक साथ चलेंगे, तभी विकास संभव है। - *अजय पांडे, सरायपाली*

## ट्रेंड


#### पद्म पुरस्कार विजेता



नागरिक अलंकरण समारोह-II में भाग लिया, जहाँ पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पद्म पुरस्कार विजेताओं ने हमारे समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों की जीवन यात्रा अत्यंत प्रेरक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


#### नागरिकों से सीधा संवाद



आज जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों से सीधा संवाद हुआ। हम केवल समस्याएं नहीं सुनते- हम समाधान सुनिश्चित करते हैं। हर आवाज़ हमारे लिए मूल्यवान है और हर समस्या का समाधान हमारी ज़िम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

#### पंजाब किंग्स टीम को बधाई



पंजाब किंग्स की गतिशील टीम से मुलाकात की और इस सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। टीम मालिक प्रीति जिंटा और कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग को नेतृत्व के लिए विशेष धन्यवाद।

-राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी

#### दोषारोपण का खेल



जीवन को दोषारोपण का खेल मत बनने दो। तुम्हारे पास इसके लिए पर्याप्त समय नहीं है.. क्योंकि जब भी तुम दूसरों को दोष देते हो, तो तुम खुद पर दोषारोपण का बोझ ढोते हो।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### हिमालय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है नेपाल : मंत्री



नेपाल के संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि के खतरे से जूझ रहे हिमालय को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है और नेपाल सरकार इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पांडे ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण, पर्वतारोहण प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है ताकि सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। एवरेस्ट शिखर सम्मेलन के मौके पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पांडे ने कहा कि पिछले साल सरकार द्वारा गठित एक टीम ने माउंट एवरेस्ट से 11 टन कचरा, चार शव और एक कंकाल हटाया था।

## ऑफ बीट

### ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य



सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं।

## संक्षेप

### युवक की संदिग्ध मौत, पेड़ से लटकी मिली डेडबॉडी

**घर से बाजार के लिए बोलकर था निकला, जमीन से कुछ इंच ऊपर था पैर**

सुलतानपुर, चांदा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। नौगरही पालना पटी गांव में गुरुवार को एक बाग में पेड़ से लटका शव मिला। मृतक की पहचान लाला यादव (26) के रूप में हुई है। लाला यादव चांदा बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की। गुरुवार को उनका शव गांव के एक बाग में पेड़ से लटका मिला। शव का पैर जमीन से मात्र कुछ इंच ऊपर था, जिससे स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उनका एक बड़ा भाई तीन-चार साल पहले बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। दूसरा भाई अपनी ससुराल में रहता है। मृतक की एक ढाई साल की बच्ची भी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से दो चचेरे भाइयों की मौत

**बांदा में शादी समारोह में खाना बनाकर लौटते समय हुआ हादसा, 3 घायल**

बांदा, फतेहपुर के बिंदकी थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी मनौती में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पैलानी कस्बे में एक शादी समारोह में खाना बनाने गए दो चचेरे भाइयों की ट्रैक्टर से टक्कर में मौत हो गई। 37 वर्षीय शशिकांत शुक्ला और 30 वर्षीय अंशू शुक्ला अपने तीन साथियों के साथ कार से वापस लौट रहे थे। चिल्ला थाना क्षेत्र के ग्राम पलरा के पास ईंटों से भरे ट्रैक्टर से उनकी कार की टक्कर हो गई। हादसे में शशिकांत की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य लोगों में 48 वर्षीय छोटेलाल पटेल, 47 वर्षीय बैलारी कुमार और 28 वर्षीय शनि गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल अंशू को कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। शशिकांत अपने पिता शिवकरन के चार बेटों में सबसे बड़े थे।

### उत्पीड़न से परेशान युवक ने दी जान

**पेड़ से लटका मिला शव, गांव का एक व्यक्ति कई दिनों से कर रहा था प्रताड़ित**

अमरोहा, बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव मलेशिया निवासी भूपेंद्र ने आत्महत्या कर ली। उनके भाई पवन ने बताया कि गांव का एक युवक भूपेंद्र को परेशान कर रहा था। इसी कारण उन्होंने भूपेंद्र को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव खाद गुर्जर में अपनी बहन गीता के घर भेज दिया था। भूपेंद्र ने सुसाइड कर लिया। स्थानीय लोगों ने पेड़ पर शव लटका देखा। उन्होंने तुरंत गजरौला थाना पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई पवन ने आरोप लगाया है

# डाक सहायक प्रदीप वर्मा को भावभीनी विदाई, सेवाओं को किया गया याद

**अमन लेखनी समाचार**



रुपईडीहा, बहराइच। भारतीय डाक विभाग की स्थानीय शाखा, रुपईडीहा उप डाकघर में कार्यरत डाक सहायक श्री प्रदीप वर्मा के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, सहकर्मियों, स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर श्री वर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं एवं भावभीनी विदाई दी। समारोह की शुरूआत श्री वर्मा के सम्मान में माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने बताया कि श्री वर्मा ने अपनी सेवा अवधि में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय देते हुए न केवल विभाग की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ किया, बल्कि जनता के साथ संवाद और सेवा के स्तर को भी ऊँचाइयों तक पहुँचाया। रजा इमाम रिजवी एवं संजय कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप वर्मा जैसे कर्मठ और समर्पित अधिकारी संस्था की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने श्री वर्मा को उनके नए कार्यस्थल पर सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ दीं।

# सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत वेराकाजी के कोटवा में हजरत शहीद अमीर फतेह अली शाह रहमतुल्ला आलेहके आस्ताने पर पूरी रात जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया। इस आस्ताने पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराष्ट्र और नागपुर से आए कव्वाल ने अपना खूब रंग जमाया। महाराष्ट्र के मशहूर कव्वाल रिजवान चिश्ती वा नागपुर से आई मशहूर कव्वाला सना वारसी के बीच पूरी रात जबरदस्त कव्वालियों का मुकाबला हुआ। जिसमें सना वारसी ने पढ़ा मैं जाऊं कहां उठकर इस बाबे मुकद्दस से मैं हूं तेरा सौदाई मैं हूं तेरा दीवाना वही महाराष्ट्र से आए कव्वाल रिजवान चिश्ती ने पढ़ा मुझे कर सके ना बर्बाद मैं तो आशिके नबी हूं मुझे कोई गम नहीं, इस तरह पूरी रात कव्वालियों का जमवाडा लगा रहा। श्रोताओं ने खूब जमकर कव्वालियों का आनंद लिया। इस मौके मेला अध्यक्ष समालअहमद ने आए मुख्य अतिथियों में डॉ वी पी सिंह पत्रकार, बृजेश सिंह पत्रकार, रजीमअहमद पत्रकार, आशुतोष सिंह पत्रकार, इंजीनियर जफर अहमद को माल्या अर्पण व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर खजांची अब्दुल वाहिद, सदर अफजाल वारसी, सचिवइमरान मिस्त्री, मेला इंचार्ज खलिक मास्टर सरपरस्त ग्राम प्रधान अब्दुल वहीद, रियाज अहमद, मुख्तार बाबू, चांद बाबू, नफीस अहमद, फुरकान अहमद, नसरुद्दीन कुरैशी, इंजीनियर जफर अहमद, फतेह खान, जिब्राइल, सुफियान, जमा मैनेजर, साजिद मंसूरी असगर अली इंदर सेन बुचे माजिद बीडीसी एजाज अहमद अनवर अली इमरान कुरैशी सहित मेला के पदाधिकारी व हजारों की संख्या में पुरुष व महिलाओं ने पूरी रात कव्वाली का आनंद लिया।

# पोक्सो एक्ट में वांछित 10 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

रुपईडीहा, बहराइच। थाना रूपईडीहा पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित 10 हजार का इनामी एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह ने बताया कि रूपईडीहा थाने पर पंजीकृत मुकदमा पोक्सो एक्ट में वंचित अभियुक्त लड्डन उर्फ मोहम्मद रहीम पुत्र बहार उर्फ दिलबहार निवासी ग्राम कैलाशपुर अगैया थाना मटेरा जनपद बहराइच उम्र करीब 33 वर्ष जो काफी समय से फरार चल रहा था उसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा 84 BNSS का आदेश भी जारी किया गया था। जिसके गिरफ्तारी हेतु काफी समय से प्रयास किया जा रहा था। परंतु अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हो पा रहा था। जिस पर पुलिस अधीक्षक बहराइच ने 10 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। फरार अभियुक्त लड्डन उर्फ मोहम्मद रहीम को उसकी लोकेशन के आधार पर जयपुर सिटी राज्य राजस्थान थाना शिवदासपुर क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से गिरफ्तार कर थाना रूपईडीहा लाया गया। जिसे विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय बहराइच रवाना कर दिया गया।




# सीमांचल नाइट क्रिकेट के तीसरे दिन हुआ धुआंधार खेल, पहली बार बना शतक

**अमन लेखनी समाचार**

रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा के श्री रामजानकी ग्राउंड पर खेली जा रही सीमांचल नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन तीन मैच खेले गए। तीसरे दिन के प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बहराइच की विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी के पति और विधान परिषद सदस्य की प्रतिनिधि डॉक्टर रवि नंदन त्रिपाठी रहे। उनके प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आए हुए मुख्य अतिथि का आयोजन समिति के संरक्षक एवं रूपईडीहा के पूर्व प्रधान जुबैर अहमद फारूकी ने जोरदार स्वागत किया इसी प्रकार विशिष्ट अतिथियों में नवाबगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र उर्फ बंटू भैया तथा जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल उर्फ नेता जी रहे। आए हुए सभी अतिथियों का आयोजक मंडल जिसमें जुबैर अहमद फारूकी, श्याम पंसारी, मोहम्मद आलम की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों ने ग्राउंड पर पहुंचकर प्रतियोगिता में विजेता टीम को दी जाने वाली ट्रॉफी का जोरदार अनावरण भी किया गया। तीसरा दिन के प्रतियोगिता में पहला मैच आरसीआर क्रिकेट क्लब रूपईडीहा व चैंपियन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। चैंपियन क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीआर ने 10 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैंपियन क्लब की टीम मात्र 74 रनों पर ही सिमट गई। इसी प्रकार प्रतियोगिता का दूसरा मैच टाइगर इलेवन मिहींपुरवा व नानपारा वरियर्स के बीच खेला गया। जिसमें अमन यादव 48, रजत चंद ठाकुर 28 व आशीष 22 रनों की मदद से मिहींपुरवा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वारियर्स ने अंतिम बाल तक संघर्ष करते हुए 92 रन ही बना सकी और 1 रन से मैच हार गई। अमन यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। जबकि तीसरा मैच बहुत ही धमाकेदार हुआ जिसमें यंग रॉकर्स व जयसूर्या इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीत कर यंग राकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बंटी की धुआंधार बल्लेबाजी 39 गेंद पर 166 रनों की मदद से 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में जयसूर्या इलेवन की टीम मात्र 112 रन ही बना सकी और 108 रनों से मैच हार गई। बंटी की धुआंधार 166 रनों की पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान प्रतियोगिता स्थल पर हजारों दर्शकों ने मैच का आनंद उठाया। इस अवसर पर मुख्य आयोजक पूर्व प्रधान मो जुबेर फारूकी, श्याम पंसारी, मो आलम अजय यादव शैलेश जायसवाल सहित कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जर्जर व कीचड़ में डूबीं सड़कें बयां कर रही नगर पंचायत का विकास

**यह है आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 11 की स्थिति**

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**

मोतीपुर बहराइच। बलहा विधानसभा का इकलौता मिहींपुरवा नगर पंचायत जिसे आदर्शनगर पंचायत का भी दर्जा प्राप्त है। मुख्य बाजार से पुलिस चौकी जाने वाला लगभग दो सौ मीटर सड़क पूरी तरह से जर्जर है यहां हल्की बारिश में सड़क तालाब बन जाती है। जर्जर व कीचड़ से भरी सड़क यहां के विकास को बयां कर रही है। वार्ड वासियों ने कई बार इस सड़क के संबंध में गुहार लगाई लेकिन किसी ने भी संज्ञान नहीं लिया। जबकि इस सड़क मार्ग से पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ ही लगातार एंबुलेंस का थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक आना जाना रहता है फिर भी जिम्मेदारों की नजर इस सड़क पर नहीं जाती है। इस जर्जर सड़क मार्ग पर अब तक दर्जनों लोग दुर्घटना ग्रस्त हो चुके हैं। इस संबंध में



सभासद जगदीश प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क काफी जर्जर है इसका प्रस्ताव भेजा गया है संभवत अगले महीने से कार्य शुरू हो जाएगा।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान

**अमेठी में महिला थाना पुलिस ने दी जानकारी, एंटीरोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान का आयोजन किया गया।

महिला थाना पुलिस ने कस्बा अमेठी में महिलाओं और छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें साइबर हेल्पलाइन (1930), वीमेन पावर लाइन (1090), महिला हेल्प लाइन (181), एम्बुलेंस सेवा (108), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), चाइल्ड लाइन (1098) और स्वास्थ्य सेवा (102) शामिल हैं। एंटीरोमियो टीम ने स्कूल-कॉलेज के आस-पास विशेष निगरानी की। टीम ने महिला छात्रावास और चिह्नित हॉटस्पॉट पर भी नजर रखी। छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न रोकने के लिए संदिग्धों की चेकिंग की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने इस अभियान का पर्यवेक्षण किया। पुलिस ने महिलाओं को थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी बताया। साथ ही महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया।

# ट्रेन से अपहरण होकर जा रहे नाबालिग को छुड़ाया

**हथियार बंद बदमाशों ने किया था बच्चे का अपहरण, अलीगढ़ स्टेशन पर आरपीएफ ने सकुशल किया बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**

अलीगढ़, जंक्शन में रेलवे सुरक्षा बल ने एक नाबालिग बच्चे को ट्रेन से बरामद किया है। कुछ अपराधी बच्चे का अपहरण करके ब्रह्मपुत्र मेल से उसे बिहार से दिल्ली लेकर जा रहे थे। आरपीएफ को इसकी सूचना मिली थी, जिसके बाद अलीगढ़ में टीमें एलर्ट हो गई थी। जैसे ही ट्रेन अलीगढ़ जंक्शन पर पहुंची, आरपीएफ की टीमें एलर्ट हो गई और उन्होंने सभी डिब्बों में नाबालिग की खोज शुरू की। जिसके बाद उन्हें जरनल डिब्बे में बताए हुए हुलिए के अनुसार एक नाबालिग बालक बरामद हुआ। जिसके बाद टीम उसे सुरक्षित अपने साथ ले आई है। अलीगढ़ आरपीएफ को प्रयागराज से सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुत्र मेल के जरिए एक 15 साल के नाबालिग बच्चे ले जाया जा रहा है। बच्चे का नाम




विकास कुमार है। जिसके बाद टीम एलर्ट हो गई थी। एसआई उमेश चंद्र जेम्स और कांस्टेबल जुगेंद्रर सिंह ने बच्चे को गार्ड से तीसरे जरनल डिब्बे से बरामद किया गया। बच्चे ने अपना नाम विकास राज पुत्र बबलू सिंह निवासी गांव चोरा गोपालपुर, थाना बहीटा जिला पटना बिहार बताया है। आरपीएफ के पास आने के बाद बच्चे ने पुलिस को बताया कि उसे दो लोग बिहार से लेकर आए थे। दोनों आरोपियों के पास हथियार थे और वह उसे जबरन दिल्ली लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसने पेशाब जाने की बात कही और टॉयलेट में घुस गया। इसके बाद उन्हें चकमा देकर दूसरे डिब्बे में आ गया। दूसरे डिब्बे में आने के बाद उसने यात्रियों की मदद से अपने परिवार को सूचना दी थी। बच्चे की सूचना आने के बाद परिवार के लोगों ने बहीटा थाने में शिकायत की, जिसके बाद रेलवे तक यह मैसेज पहुंचा था। अलीगढ़ में टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। बिहार पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी गई है। बच्चे के परिवार के लोग और बिहार पुलिस बच्चे को लेने आ रही है। उन्होंने बताया कि बच्चा अभी थाने में ही है और उसे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया बच्चे को अपहरण करके ले जाया जा रहा था और आरोपी मानव तस्करी गैंग से संबंधित हो सकते हैं।

# 13 ब्लॉकों में आयोजित हुआ महिला सशक्तिकरण सम्मेलन


**पूर्व जिलाध्यक्ष बोले-अहिल्याबाई ने 12 हजार से अधिक तीर्थस्थलों का कराया जीर्णोद्धार**

**अमन लेखनी समाचार**



सुलतानपुर, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के 13 ब्लॉको में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित हुए। दूबेपुर विकास खंड सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख शिल्पा सिंह ने की। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में अहिल्याबाई के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने काशी, मथुरा, सोमनाथ से लेकर रामेश्वरम तक 12 हजार से अधिक तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार कराया। कार्यक्रम के संयोजक और मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने अहिल्याबाई को दूरदर्शी प्रशासिका बताया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उपायुक्त मनरेगा श्री गोस्वामी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने किया। अन्य विकास खंडों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। कादीपुर और अखंडनगर में विधायक राजेश गौतम, दोस्तपुर में विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, जयसिंहपुर में सुमन सिंह और बल्दीराय में पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह की उपस्थिति रही। मोतीगरपुर ब्लॉक में सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित होगा।

# ठगी के शिकार लोगों को राहत



**साइबर सेल ने 25 महीने में 50 लोगों के 75 लाख रुपए कराए वापस**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों को राहत मिल रही है। जिले की साइबर सेल ने पिछले 25 महीने में 50 पीड़ितों के 75 लाख रुपए वापस कराए हैं। साइबर ठगी के मामलों में लोगों के मोबाइल पर ओटीपी या फर्जी लिंक के जरिए उनकी गाढ़ी कमाई के पैसे खातों से गायब हो जाते थे।

शिकायत मिलते ही साइबर थाना एक्टिव हो जाता था। साइबर सेल की टीम हाईटेक सॉफ्टवेयर की मदद से उन खातों की पहचान करती है, जिनमें ठगी के पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। टीम संबंधित थाने में शिकायत कर इन खातों को फ्रीज करवाती है। साइबर सेल का जताया आभार इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पीड़ितों के पैसे उनके खातों में वापस करवाए जाते हैं। साइबर सेल अभी भी कई पेंडिंग मामलों पर काम कर रही है। जिन लोगों को अपने पैसे वापस मिल गए हैं, वे साइबर सेल की टीम का धन्यवाद कर रहे हैं।

# हिंदू युवा वाहिनी का एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

**मारपीट मामले में कार्रवाई न होने से नाराज, कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी के निलंबन की मांग की**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर, हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। संगठन के पदाधिकारी रामगोपाल के पिता के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस की कार्रवाई से नाराज हैं।

तिलहर थाना क्षेत्र में कुछ दबंगों ने रामगोपाल के बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट की थी। इस घटना में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई थीं। शिकायत के बावजूद तिलहर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज की गई। लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। पदाधिकारियों का आरोप है कि थाना प्रभारी पीड़ित पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। उल्टे रामगोपाल के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने धमकी दी है कि समझौता नहीं किया तो गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर देंगे। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो हाईवे जाम किया जाएगा। एसपी ने पदाधिकारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## संक्षेप

### लोन की किस्त नहीं भर पाई महिला, जहर खाया

**कंपनी कर्मियों ने घर में घुसकर की अभद्रता, पति ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत**

मोदीनगर, बेगमाबाद में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेगमाबाद निवासी बिनेश कुमार की पत्नी ज्योति ने एक कंपनी से महिला समूह के तहत 65 हजार रुपये का लोन लिया था। वह ब्याज सहित किस्त समय पर जमा कर रही थी। तबीयत खराब होने के कारण किस्त जमा नहीं कर पाई। कंपनी की एक महिला कर्मी अपने साथी के साथ ज्योति के घर पहुंची। किस्त न मिलने पर उन्होंने अपशब्द कहे और गाली-गलौज की। इस दौरान अन्य महिलाएं भी वहां जमा हो गईं। अपमान से आहत होकर ज्योति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। बिनेश कुमार ने निवाड़ी रोड पुलिस चौकी में शिकायत की। चौकी में तैनात दरोगा ने कंपनी की महिला कर्मी से फोन पर बात की। उन्होंने पीड़ित को फटकार लगाकर भगा दिया। अब बिनेश ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है।

### मोबाइल पर बात करने को लेकर गाजियाबाद में बवाल

**भोजपुर में युवक के घर पर पथराव, दो कार तोड़ी; पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

गाजियाबाद, मोदीनगर के भोजपुर गांव में एक युवक और युवती के बीच मोबाइल पर बातचीत को लेकर देर रात हिंसक घटना सामने आई। युवती पक्ष के लोगों ने युवक के घर पर पथराव किया। इस दौरान दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं और युवक के घर का गेट टूट गया। घटना की जानकारी के अनुसार, दोनों एक ही समुदाय के हैं और एक-दूसरे के जानकार हैं। दोनों के बीच मोबाइल पर होने वाली बातचीत को लेकर कुछ दिन पहले गांव में बैठक भी हुई थी। इसके बावजूद जब दोनों ने फिर से बातचीत की, तो युवती के परिजनों ने देख लिया। गुस्साए परिजन युवक के घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया, जो करीब 10 मिनट तक चला। युवक पक्ष के लोगों के घर में जाने के बाद युवती पक्ष ने गेट पर ईंट से हमला किया। इस दौरान मकान के बाहर खड़ी युवक पक्ष की दो कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

### बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई को पीटा

**पुलिस ने पीड़ित का ही किया चालान, 6 महीने बाद एसएसपी के आदेश पर केस दर्ज**

बुलंदशहर, गुलावठी में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ लोगों ने भाई को पीट दिया। यह घटना 5 सितंबर 2024 को हुई और सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित सलमान गांव सधारनपुर का रहने वाला है। वह मारपीट की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सलमान को लगी चोटों का मेडिकल न्यायालय के आदेश पर जिला कारागार बुलंदशहर में हुआ। सलमान प्राणघातक हमले की फुटेज पेनड्राइव में लेकर कोतवाली गया। लेकिन तब भी उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

# सभी अधिवक्ताओं के सहयोग से हल की जाएंगी समस्याएं – राजेन्द्र मिश्र

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी/फतेहपुर। कस्बे में अधिवक्ताओं की समस्याएं सभी लोगों के साथ मिलकर हल करने का काम किया जाएगा अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। समय-समय पर संघ की बैठक कर मुद्दों पर चर्चा कर उनका हल करने का काम किया जाएगा। यह बात अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा ने अधिवक्ता संघ की बैठक में कहा।

शनिवार को कस्बे के तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ की एक बैठक हुई जिसको संबोधित करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं की सभी समस्याओं को सभी साथियों के सहयोग से हल करने का काम किया जाएगा। अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में मौजूद तमाम अधिवक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किया। जिसमें कहा गया कि कुछ अधिकारी ठीक से काम नहीं करते उनको अपनी शैली में सुधार करना होगा। वरना अधिवक्ता चुप बैठने वाले नहीं है। कहां गया कि समय-समय पर इसी प्रकार की अधिवक्ता संघ की बैठक होनी चाहिए जिसमें विचारों का आदान-प्रदान हो सके और आगामी रूपरेखा बन सके। कहां गया कि एसडीएम न्यायिक तथा तहसीलदार न्यायिक की कोर्ट खाली है जबकि पूरी व्यवस्थाएं हैं इसलिए दोनों स्थानों पर अधिकारियों की नियुक्ति होनी चाहिए जिससे वादो का निस्तारण जल्द हो सके। स्टांप पेपर कितने का है और कितने का दिया जाएगा इसकी लिस्ट जारी होनी चाहिए। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा के अलावा महासचिव लक्ष्मी सिंह गौतम वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम बाबू एडवोकेट कनिष्ठ उपाध्यक्ष नवाब हुसैन सुशील बाजपेई सुरेश सिंह चौहान ज्ञानेंद्र सिंह गौतम आनंद शंकर वर्मा अशोक उत्तम शैलेंद्र अग्निहोत्री लोकेंद्र पाल अली अब्दुल्ला ऋषभ कुमार मनीष कुमार अग्निहोत्री योगेंद्र कुमार सूरज सिंह अक्षय अवस्थी श्रेय गुप्ता दीपेंद्र कुमार लक्ष्मण कुमार सत्यनारायण शुक्ला महेंद्र कुमार देश नारायण अरुण कुमार शुशील कुमार श्रीवास्तव लक्ष्मी नारायण रघुराज सिंह खेमचंद सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रोटी गांव के मेधावी बच्चे हुए पुरस्कृत

## विदेश से समाजसेवी ने भेजी प्रोत्साहन राशि

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रोटी में स्थापित सिद्ध मूर्ति श्री संतोषी माता की प्राण प्रतिष्ठा के कर्णधार स्वर्गीय शिव कैलाश मिश्रा के छोटे भाई स्वर्गीय राम विशाल मिश्रा के सुपुत्र बबलू मिश्रा एवं पुत्रवधू संचिता मिश्रा के सराहनीय सहयोग से गांव में मेधा अलंकरण समारोह आयोजित हुआ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ग्रामीण समाज सेवी सत्य प्रकाश शुक्ला की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत गांव के हाई स्कूल के छात्र मोहित पुत्र विजय ने 83.3 प्रतिशत हर्षित कश्यप पुत्र बब्बन ने 85% हर्षिता पुत्री बाबू प्रजापति ने 80% तथा प्रियांशु ने 82% अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता तथा गांव का गौरव बढ़ाया वहीं समाज सेवी संतोषी माता मंदिर के व्यवस्थापक बबलू मिश्रा एवं संचिता मिश्रा द्वारा सभी बच्चों को 1100 - 1100 सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि भेजी गई जहां कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्य प्रकाश शुक्ला ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जानकारी लेने पर आयोजन कर्ता सत्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि समाज सेवी बबलू मिश्रा वर्तमान में अमेरिका देश यू यस में सपरिवार निवास कर रहे हैं जनपद एवं गांव में वर्ष में एक बार आगमन होता है जहां माता संतोषी का आशीर्वाद लेकर संपूर्ण वर्ष गांव के अनेक कार्यक्रम जैसे गरीब बेटियों के विवाह मेधावी बच्चों को पुरस्कार तथा गरीबों की समय-समय पर मदद करते हुए योगदान प्रदान करते हैं ऐसे सराहनीय कार्य को देखकर कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान हसनपुर देवरी प्यारेलाल दिवाकर अनुराग पाल बॉबी समेत अन्य वरिष्ठ क्षेत्रीय नागरिक गणों ने समाजसेवी की सराहना की वहीं इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामवासी तथा बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे

# दो ग्राम प्रधानों की सदस्यता बहाल

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम और डीपीआरओ का आदेश किया रद्द**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बागपत के दो ग्राम प्रधानों की सदस्यता बहाल कर दी है। लॉयन गांव के ग्राम प्रधान संतकुमार और महनवा की ग्राम प्रधान पिंकी पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर चुनाव लड़ने का आरोप लगा था। इस मामले में बागपत के डीएम और डीपीआरओ ने दोनों ग्राम प्रधानों की सदस्यता रद्द कर दी थी। इसके बाद दोनों ग्राम प्रधान इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने जिला प्रशासन के आदेश को निरस्त कर दिया। सदस्यता बहाल होने के बाद कोरी समाज में खुशी का माहौल है। बड़ौत कस्बे में समाज के लोगों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे। समाज के लोगों का कहना है कि कुछ लोगों ने अधिकारियों को गुमराह किया था। ग्राम प्रधान संतकुमार ने कहा कि यह सच्चाई की जीत है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने झूठी शिकायतें करके अधिकारियों को गुमराह किया था। अब कोर्ट के आदेश से उन्हें फिर से सम्मान मिल गया है।



# पांच वाहन चोर गिरफ्तार, 21 बाइक बरामद

**मास्टर की से सेकेंड में करते है बाइक चोरी, महोबा, राठ हमीरपुर में बेचते है**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, मास्टर की से कुछ सेकेंड में बाइक चोरी करने वाले गिरोह के पांच बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने पकड़ा है। इनकी निशानदेही पर 19 बाइक और 2 स्कूटी बरामद की गई। ये नोएडा के मॉल, भीड़ भाड़ वाले इलाकों में रैकी करते और बाइक चोरी करते। चोरी के बाइक को आसपास के जनपदों में 4 से 5 हजार रुपए में या पार्ट बेचते थे। चोरी की बाइक पुलिस की नजर में न आए इसके लिए इन लोगों ने सेफ जोन बनाए थे। वहीं पर बाइक रखते थे। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस और मुखबिर की जानकारी पर पांचों बदमाशों को पर्थला के डूब क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मोहित सिंह पुत्र राम सिंह, ओमवीर कुमार पुत्र राजू वर्मा, आकाश सिंह पुत्र मनमोहन सिंह, रोहित कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार और आनंद कुमार पुत्र परमेसी दयाल है। ये सभी ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है। दो तरह से बाइक चोरी करते है। पहला मास्टर की से और दूसरा तारों को आपस में शॉट कराकर। डीसीपी ने बताया कि ये चोर उन दो पहिया वाहनों को निशाना बनाते है जो एक-दो साल पुराने हो जाते है। उनका लॉक आसानी से चाबियों से खोल लेते है। यदि लॉक नहीं खुलता है, तो लॉक को तोड़ देते थे। चोरी करने के बाद वाहनों को एकत्रित करने के लिए सुरक्षित स्थानों पर ले जाते है। कुछ दिन बाद एकत्रित वाहनों को चलाकर व बसों पर लदवाकर हमीरपुर, महोबा, राठ आदि स्थानों में ले जाकर बेच देते थे। यहां 4 से 5 हजार पर ये बाइक बेचते थे। इनकी डिटेल अन्य जनपद और राज्यों को भेजी जा रही है। वहां से भी इनके आपराधिक मामलों को देखा जाएगा।

# गौ सेवकों का समूह बेसहारा पशुओं की करते है इलाज

**घायल मवेशियों का अब तक सैकड़ों का किया रेस्क्यू**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, चौगामा क्षेत्र में एक गौ सेवकों का समूह बेसहारा पशुओं की मदद के लिए लगातार काम कर रहा है। यह समूह पिछले कई वर्षों से घायल पशुओं का निःशुल्क इलाज कर रहा है। समूह ने छह घायल गोवंश का इलाज किया। पुसार कान्हड़ के बीच दो गोवंश आपस में लड़ते समय घायल हो गए थे। गौ सेवक वरुण शर्मा, मोहित, गोविंद, वामदेव और विशु तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल पशुओं का इलाज किया। समूह ने बताया कि कई गोवंश किसानों द्वारा खेतों में लगाए गए कंटीले तारों से घायल हो जाते हैं। कुछ मामलों में गहरे घावों तक पड़ गए थे। गौ सेवकों ने सभी घायल पशुओं का इलाज करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। गौ सेवकों का यह समूह क्षेत्र में जहां भी घायल पशु-पक्षियों की सूचना मिलती है, वहां तुरंत पहुंच जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर कहीं भी कोई बेसहारा या घायल पशु दिखे, तो वे तुरंत उनसे संपर्क करें। समूह पशु को इलाज के बाद सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था करता है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- एक बदमाश के पैर में गोली लगी, दूसरा फरार; चोरी का सामान बरामद

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में सुबह पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस लखनावली की तरफ जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो युवक मोटरसाइकिल पर आए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे सुत्याना की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान विवेक के रूप में हुई। वह बिहार के भागलपुर के सबोर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। फिलहाल कुलेसरा में रह रहा था। दूसरा बदमाश झाड़ियों में भागने में सफल रहा। घायल बदमाश से चोरी का सामान बरामद हुआ। इसमें चांदी की एक चेन, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी मेहंदी छल्ला, सोने का नाक का फूल और 4000 रुपये नकद शामिल हैं। इसके अलावा स्प्लेंडर बाइक, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस भी मिला। जांच में पता चला कि बदमाशों ने ग्राम हल्दौनी में एक बंद मकान से जेवर और रुपये चोरी किए थे। इस मामले में थाना इकोटेक तृतीय में धारा 305 बीएनएस के तहत केस दर्ज है। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है।

# मीट वाला भागे तो गोली मार दो : बीजेपी विधायक

## गाजियाबाद में मटन शॉप पर छापा मारा, मालिक को घेरकर चौकी ले गए

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, लोनी सीट से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मीट की दुकानों पर छापा मारा। दुकानदारों से पूछा- आखिर हिंडन एयरपोर्ट और मंदिर के पास मीट की दुकान कैसे खुल गई विधायक के पहुंचते ही एक-एक कर दुकानों के शटर गिरने लगे। दुकान मालिक ताला लगाकर भागने लगे। विधायक ने अपने समर्थकों के साथ मीट दुकान चलाने वाले एक दुकानदार को पकड़ा। समर्थकों से कहा कि मालिक भागे तो गोली मार देना। इसके बाद समर्थकों के साथ उसे घेरकर खुद पैदल चलकर उसे पुलिस चौकी लेकर गए। मामला थाना टीला मोड़ की फरुखनगर चौकी का है। इसका 4 मिनट 16 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि नंदकिशोर गुर्जर अपने समर्थकों के साथ हिंडन एयरपोर्ट के पीछे खुली मीट की दुकानों पर पहुंचते हैं। विधायक के साथ भीड़ देखकर दुकानदारों में अफरा-तफरी मच जाती है। विधायक तभी एक मीट की दुकान से दुकान के मालिक राजा कुरैशी को बुलाते हैं। समर्थक राजा कुरैशी को पकड़ने जाते हैं तो विधायक उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। इसके बाद विधायक उसे लेकर फरुखनगर पुलिस चौकी जाते हैं। पुलिस चौकी पहुंचाने के बाद विधायक सबसे पहले चौकी इंचार्ज के बारे में पूछते हैं। चौकी इंचार्ज थाने में मौजूद नहीं थे। अन्य पुलिसकर्मियों से पूछते हैं कि हिंडन एयरपोर्ट पास में है। ऐसे में वहां मीट की दुकान कैसे खुल गई। नंद किशोर गुर्जर कहते हैं- मेन रोड पर मंदिर भी है। यहां मीट की दुकान कैसे चल रही है। इसके बाद वह पुलिसवालों से कहते हैं कि मीट दुकान के मालिक राजा कुरैशी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वह 1 घंटे बाद दोबारा आकर देखेंगे। पुलिस बोली- मंथन चल रहा कि कौनसी धारा लगेगी टीला मोड़ के थानाध्यक्ष कर्तार सिंह ने बताया- इस बात पर मंथन चल रहा है कि मामले में कौन सी धारा लगेगी।

# पॉलिटेक्निक छात्र ने जहर खाकर की आत्महत्या

**सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने का आरोप, दो दिन पहले दर्ज हुआ था केस**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सरधना थाना क्षेत्र में एक युवती के फोटो वायरल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज होने के बाद 22 वर्षीय पॉलिटेक्निक छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। गांव अटेरणा निवासी विवेक पर दो दिन पहले एक युवती के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगा था। युवती के परिजनों ने विवेक और उसके दो साथियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे के बाद से विवेक मानसिक तनाव में था। उसने इस बारे में परिजनों को कुछ नहीं बताया। पॉलिटेक्निक की परीक्षा देने के बाद घर लौटकर विवेक ने अपने कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब परिजन कमरे में पहुंचे तो विवेक को बेहोश अवस्था में चारपाई पर पड़ा देखा। उसे तुरंत सरधना के अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात इलाज के दौरान विवेक की मृत्यु हो गई। सरधना थाना क्राइम इंचार्ज शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बकरा ईद की तैयारियों पर शहर काजी डीएम से मिले

**पानी, बिजली और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग; सड़कों पर कुबार्नी पर रोक रहेगी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, आगामी 7 जून को मनाए जाने वाले बकरा ईद त्योहार को लेकर जमयैतुलमा ए हिन्द के अध्यक्ष नायब शहर काजी जैनुर राशिदीन ने डीएम डॉ वीके सिंह से मुलाकात की। काजी ने त्योहार के दौरान बुनियादी सुविधाओं की मांग की। ईद उल जुहा का त्योहार तीन दिनों तक चलेगा। काजी ने बताया कि कुबार्नी के दौरान पानी की निरंतर आपूर्ति जरूरी है। गर्मी के मौसम में कुबार्नी के गोश्त को सुरक्षित रखने के लिए बिजली आपूर्ति भी आवश्यक है। उन्होंने नगर निगम से कुबार्नी की गंदगी हटाने के लिए ठेला गाड़ियों की व्यवस्था की मांग की। साथ ही ईदगाह और प्रमुख मस्जिदों जैसे मनसबया नई ईदगाह, मस्जिद ईमलियान, मस्जिद फैज ए आम कॉलेज, शाहपीर गेट, खैर नगर, होज वाली मस्जिद और शाहनत्थान की खराब सड़कों की मरम्मत की मांग रखी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए ईदगाह के गेट पर डिटेक्टर मशीन और सीसीटीवी कैमरे लगाने का अनुरोध किया गया। काजी ने ईद के दिन शराब की दुकानें बंद रखने और पुलिस, होमगार्ड, सिविल डिफेंस की विशेष ड्यूटी लगाने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि बकरों के पैंठ पिछले साल की तरह शहर के अंदर ही लगाए जाएं।

# नोएडा में किसानों का प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट पर महापंचायत, आबादी प्लॉट और सर्किल रेट बढ़ोतरी समेत कई मांगें रखीं

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में किसानों ने कलेक्ट्रेट पर महापंचायत का आयोजन किया। सैकड़ों किसान पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसान संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित इस महापंचायत में किसानों ने कई मांगें रखीं। किसानों की प्रमुख मांगों में 10 आबादी प्लॉट, सर्किल रेट में बढ़ोतरी और आबादियों का निस्तारण शामिल है। साथ ही भूमिहीन परिवारों को वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन और एनटीपीसी प्रभावित किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान भी मांगा गया। दिसंबर-जनवरी में हुए आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी बनाई थी। यह कमेटी किसानों की मांगों पर निर्णय लेकर उन्हें लागू करने के लिए बनी थी। मुख्यमंत्री द्वारा तय की गई समय सीमा बीत जाने के बाद भी कमेटी कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाई है। किसान संघर्ष मोर्चा के नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि पुलिस कमिश्नर ने आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का वादा किया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं। किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। महापंचायत में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

# डॉ. संदीप के आतिथ्य में तीन दिवसीय बुंदेलखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल हुआ सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। एस.के. इवेंट कंपनी एण्ड फिल्म प्रोडक्शन हाउस मुंबई और एस.के. अकैडमी ऑफ आर्ट सोसायटी के सौजन्य से बुंदेलखंड झाँसी में तीन दिवसीय बुंदेलखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पंडित रवि शर्मा सदर विधायक झाँसी, प्रदीप जैन आदित्य पूर्व मंत्री भारत सरकार, समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी, अरविन्द वशिष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि व कलाकारों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई व समापन पर देश के सम्मान में सभी ने अपने स्थान पर खड़े हो कर राष्ट्रगान कर से कार्यक्रम समाप्त किया गया। फेस्टिवल में लगभग 50 से ऊपर शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, एल्बम सॉन्ग स्क्रीनिंग किए गये, इसके अतिरिक्त डायरेक्टर प्रोड्यूसर समीर खान की हिंदी फीचर फिल्म ₹मैं बनूंगी मिस बुंदेलखंड- द वूमेन पावर₹ फिल्म के सभी कलाकारों के साथ शॉर्ट प्रीमियर भी बिग स्क्रीन पर प्रस्तुत किया गया। फेस्टिवल में यूट्यूबर्स से लेकर बड़ी बड़ी फिल्मों के निमार्ता निर्देशको ने भी इस फेस्टिवल में बढ़झ चढ़कर हिस्सा लिया। फेस्टिवल में बुंदेलखंड की फिल्म ₹मैं बनूंगी मिस बुंदेलखंड द वूमेन पावर₹ सबसे आगे रही, इस फिल्म ने नई युवा पीढ़ी को अच्छा संदेश दिया और महिलाओं को भी प्रोत्साहन देने में कामयाब रही। फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आई। इस फिल्म के लास्ट में सेलिब्रेशन सॉन्ग ने दर्शकों व फिल्म की पूरी टीम को सिनेमा थियेटर में थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने ₹मैं हूं मिस बुंदेलखंड न. 1₹ गीत पर नृत्य कर प्रसन्नता जाहिर की। इस फिल्म में मुंबई के कलाकारों के अलावा हमारे बुंदेलखंड के कलाकारों को भी अवसर दिया गया। इसी अवसर पर प्रोडक्शन द्वारा सभी कलाकारों का हमारे स्पेशल गेस्ट द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम आयोजक समीर खान ने कहा इस फेस्टिवल को करने का हमारा उद्देश्य है कि हमारे बुंदेलखंड के कलाकारों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का अवसर मिले। निमार्ता निर्देशकों को अपनी कला दिखाना और उनसे आय का जरिया बनाना ताकि हमारे बुंदेलखंड के कलाकार पलायन कर के बाहर ना जाए। उनको एक अच्छी पहचान मिले। इसी कार्यक्रम के माध्यम से हमने एक ऑनलाइन प्रतियोगिता भी चलाई ₹घर बैठे टैलेंट दिखाए₹ इस प्रतियोगिता की विजेता रहीं उरई निवासी नव्या पाराशर जिन्होंने अपने टैलेंट के दम पर मिस बुंदेलखण्ड का खिताब अपने नाम किया। अतिथियों द्वारा नव्या को मिस बुंदेलखंड का ताज पहनाकर और ट्रॉफी देकर उनको सभी ने भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुंबई से आए बॉलीवुड राइटर भोलू खान भी उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त आनंद सक्सेना, अजय कुमार निगम, नेहा बहल, मनीषा खान, हैदर अली, नवीन चंद्र शुक्ला, पप्रभात अग्रवाल, शायना प्रिया, काशवी जायसवाल, कहकशा कुशवाहा, कृतिका गुप्ता, पराक्रम प्रताप सिंह, कबीर खान, जय भानिया, यामिनी भास्कर, राकेश मल्होत्रा, संध्या तिवारी, प्रियंका सोनी, अनिल साहू, अजय मिश्रा, शाहिद खान, रिमझिम माझी, अबरार मंसूरी पूरी टीम, कोरियोग्राफर राजू झा उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक एक्टर, निमार्ता, निर्देशक समीर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### भैंस चराने गए युवक हुआ लापता नदी में डूबने की आशंका तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बाडी सोन नदी के किनारे शुक्रवार दोपहर भैंस चराने गया व्यक्ति नदी में डूबने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया खोजबीन जारी मिली जानकारी के अनुसार डूब कर गायब रमेश यादव उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रक्षा यादव निवासी बाड़ी गांव जो हर दिन के भांति शुक्रवार को सुबह लगभग ग्यारह बजे भैंस चराने नदी के तरफ गया था और सोननदी में कही डूब गया बहुत प्रयास करने के वावजूद भी नहीं मिला जिसके उपरांत इसकी सूचना चोपन पुलिस व प्रधान प्रतिनिधि दी गई परिजनों द्वारा नदी में डूबकर मरने का आसंका जताई जा रही है वहीं सूचना पाकर मौके पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस जांच में जुटी।

### पुलिया निर्माण कार्य मे भारी लापरवाही

अमन लेखनी समाचार

जुगैल /सोनभद्र -चोपन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चतरवार के कुब्बा टोला मे जिला पंचायत से पुलिया बनवाई जा रही है पुलिया निर्माण कार्य मे भारी लापरवाही की बात सामने आई है ठेकेदार के कारनामो के कारण अखबार की शुर्खियाँ बटोर रही है कुब्बा नाले की पुलिया । दिखने में मात्र गलती ठेकेदार की लगती है लेकिन इसका जड़ सरकारी नुमाइंदों तक फैला है ऐसा प्रतीत होता है। क्योंकि बिना इनके संरक्षण के कोई ठेकेदार खुलेआम भ्रष्टाचार करने को सोच ही नही सकता। लेकिन जब ह्लसरकारी पैसा चट कर जाओ.. कमीशन हमे दो, तुम भी कमाओह्व सोच रखने वाले सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों का सरंक्षण हो तो भला कोई ठेकेदार क्यों किसी जनता या जांच से डरे.. कहने को तो निर्माण कार्य जेई की देखरेख और मानक मापदंड से ही होनी चाहिए जिससे सरकार द्वारा जनहित में कराये जा रहे निर्माण कार्य जनहित में काम आये। लेकिन पैसे कमाने के लालच में कुछ ठीकेदार इतने अंधे हो जाते हैं कि उन्हें सिर्फ पैसे की हरियाली ही दिखता है, उसके आगे न तो जनता नजर आती है न गुणवत्ता।

# मुख्यमंत्री से मिले ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्रीय सड़के बनवाने के लिए दिया पत्र



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री से मिलकर मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र की सड़कों को बनवाए जाने के लिए पत्र देकर मांग की है जिस पर सीएम ने आश्वस्त किया है मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल ₹विन्ध्येश्वरी₹ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर विकास खंड की सड़कों को बनवाने के लिए मांग पत्र दिया है जिसमें बरवलिया, भजनमऊ, छबीलेखेड़ा, मदनखेड़ा, सुखनाखेड़ा आदि गांवों की सड़के शामिल हैं ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि मोहनलालगंज विकास खंड के उपर्युक्त गांवों की जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए उन्हें महाराज जी ने आश्वासन दिया है जल्द ही इन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।सबका साथ सबका विकास हमारा संकल्प है और इसी पर निरंतरता के साथ कार्य किया जा रहा है।

# मलिहाबाद पावर हाउस पर भंडारे का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के बिजली पॉवर हाउस में शनिवार को वार्षिक हनुमान भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिजली कर्मचारियों ने हवन-यज्ञ भी संपन्न किया। मलिहाबाद उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पॉवर हाउस में आयोजित हवन पूजन में सब स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारियों ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। वेदमंत्रों के साथ सभी ने हवन में आहुति दी। कार्यक्रम में अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह, सोनू शर्मा, मूलचंद यादव, अभिषेक, रमेश कुमार, गुड्डू, अवधेश, विनोद और संजीत कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सर्वमंगल की कामना के साथ हवन में भाग लिया। बिजली पॉवर हाउस के कर्मचारियों की यह एक वार्षिक परंपरा है। हर साल हनुमान जी का भंडारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।

# दिशिता महिला मंडल द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। श्रीमती इन्दू सिंह जी के दिशा निर्देशन में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सतत प्रयत्नशील रहा है। इसी श्रृंखला में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित कर सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती इन्दू सिंह ने कहा अधिकांश महिलाएं व बालिकाएं निकटवर्ती क्षेत्र से है जीवन में परिवारिक दायित्वों के साथ कुछ न कुछ करना चाहती है ऐसे में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से अपने हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत छः माह प्रशिक्षण देने के उपरान्त सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिसमें गरबन्धा, अनपरा व परासी के 19 लाभार्थियों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रशिक्षिका अनीता प्रजापति ने छः माह प्रषिक्षण की पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं एंव महिलाओं ने कहा कि महिला मंडल के इस नेक कार्य से हम लोग अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने परिवार तथा बच्चों के प्रति आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक भूमिका अदा कर सकेगें। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याएं विभा शैलेश सिंह, रीना जैन, मेनका अरोड़ा, ऋतु दबे, विभा सिंह, सविता चौबे, स्मृतिलेखा पट्टनायक, रजनी रूंगटा, किरन श्रीवास्तव सचिव तुलिका श्रीवास्तव, सहित अन्य सदस्याऐं उपस्थित थी। प्रमाण पत्र पाकर सभी प्रसन्न थे।

# उपमुख्यमंत्री आम नागरिक की तरह पहुंचे आरटीओ कार्यालय



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर। लखनऊ के सरोजनीनगर स्थित संभागीय कार्यालय टीपी नगर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अपने लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए शनिवार को आरटीओ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) विष्णु कुमार द्वारा लाइसेंस सम्बन्धी सभी कार्य पूर्ण किये गये। वहीं डिप्टी सीएम के आरटीओ कार्यालय पहुंचने के दौरान सन्नाटा पसरा रहा, सिर्फ डिप्टी सीएम का ही लाइसेंस नवीनीकरण हुआ। इस दौरान कार्यालय में काफी भीड़ कम दिखाई पड़ी।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अधिकारियों की सराहना की और कहा कि लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम जनता को भी इसी तरह की सुविधाएं प्रदान करें। जिससे उनको भी किसी प्रकार की दिक्कतें न हो और समय से कर हो सके। इस दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रशान्त कुमार उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने दी, सेवानिवृत्त जिला जज रविंद्र विक्रम सिंह को विदाई

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा डी बी ए सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह की अध्यक्षता में जनपद एवम् सत्र न्यायाधीश सोनभद्र पद से सेवानिवृत्त रविंद्र विक्रम सिंह के सम्मान में शनिवार को अपरान्ह 11.30 विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की तरफ से जनपद एवम् सत्र न्यायाधीश सोनभद्र मा0 रविंद्र विक्रम सिंह को अध्यक्ष जगजीवन सिंह एड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एड, पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एड एवम् मीडिया प्रभारीगण राजेश कुमार मौर्य व राजेश कुमार यादव ने सयुक्त रूप से अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छम, शिव - पार्वती व भारत का संविधान का मोमेंटो और अभिनन्दन-पत्र से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जगजीवन सिंह एड ने जिला जज के कार्यकाल के बारे में बताया कि किस तरह से उनके कार्यकाल में न्यायिक अधिकारियों व बार के बीच समन्वय बनाकर कार्य किया। जिससे वादकारियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी गई। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि जनपद एवम् सत्र न्यायाधीश सोनभद्र मा० रविंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि यहां के अधिवक्ताओं से जो हमें प्यार और स्नेह मिला है, उसे हम कभी भूल नहीं सकते। यहां के सभी लोग अच्छे हैं। शांत जगह है। न्यायपालिका के न्यायिक पदाधिकारियों का भी सहयोग मिला है। हम लोग सभी एक ही परिवार के हैं। आगे भी ईश्वर से कामना है कि इसी तरह से बार और बेंच के बीच सामंजस्य बना रहे। विदाई समारोह का संचालन महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर भोला सिंह यादव, बीपी सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, वीरेंद्र कुमार राव, कामता प्रसाद यादव, कृष्णानंद सिंह, संदीप जयसवाल, अभिषेक सिंह मौर्य, राजकुमार सिंह, रियाजुद्दीन खान, रामजियावन यादव, टीटू गुप्ता, सरिता भास्कर, सरोज, राकेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, नवीन कुमार पांडेय, सरस्वती देवी, शैलेंद्र कुमार आदि सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# दोषी अजय उर्फ गोल्डी को 7 वर्ष की कठोर कैद

- **-20 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**
- **-जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी**
- **-अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।**
- **- साढ़े 5 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। साढ़े 5 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अजय कुमार उर्फ गोल्डी को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने शक्तिनगर थाने में 18 अक्तूबर 2019 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी 17 अक्तूबर 2019 को दोपहर बाद 3:50 बजे ट्यूशन पढ़ने गई थी, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी तो ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक के यहां पता करने गया तो पता चला कि वह ट्यूशन पढ़ने गई ही नहीं थी। यह भी पता चला की बेटी को बहला फुसलाकर अजय कुमार उर्फ गोल्डी पुत्र रामफल निवासी अम्बेडकर नगर, थाना शक्तिनगर जिला सोनभद्र भगा ले गया है। बेटी को हर संभावित जगह पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला, तब सूचना दे रहा हूं। आवश्यक कर्रवाई करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में अजय समेत चार लोगों के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अजय कुमार उर्फ गोल्डी को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। बता दें कि इस मामले में 29 मई को दो दोषियों को सजा सुनाई गई है जिन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर जिला कारागार भेज दिया गया है। अजय कुमार उर्फ गोल्डी को दोषसिद्ध किया गया था, लेकिन कोर्ट के समक्ष हाजिर न आने की वजह से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# सोशल ऑडिट की टीम ने नागर गांव में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की की प्रशंसा**

अमन लेखनी समाचार




राठा। ग्राम पंचायत नागर में सोशल आडिट टीम जिला कोऑर्डिनेटर द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में हुए कार्यों का ग्राम सभा की बैठक द्वारा सोशल ऑडिट किया गया। जिसमें जिला सोशल कोऑर्डिनेटर कोमल सिंह ने कहा ग्राम पंचायत नागर द्वारा कराए गए सभी कार्य सराहनीय हैं और सुंदर ढंग से व्यवस्थित भी किए गए। इसको देखकर मुझे बहुत खुशी हुई की ग्राम पंचायत कुछ हटकर व उत्कृष्ट कार्य करती है। इसलिए प्रदेश स्तर तक अपना नाम किया हैं। इस मौके पर राजकुमार सिंह बीआरपी ने सभी फाइलों को चेक कर सभी कामों का मौका पर निरीक्षण किया और कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। ग्राम सभा बैठक की अध्यक्षता मंसाराम चौधरी ने की तथा अंत में आभार ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने प्रकट किया ह्लग्राम सचिव देवेंद्र कुमार ने आई हुई टीम व सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं निरीक्षण करवाया ह्लइस मौके पर ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी, जिला सोशल कोऑर्डिनेटर कोमल सिंह, बीआरपी राजकुमार सिंह, सोशल टीम कैलाश नारायण, यशपाल, हरिशंकर, रेखा देवी, रोजगार सेवक राजेश कुमार, मदनपाल, धनजू कारीगर, कालीचरण अहिरवार, राजा अहिरवार, मनोज शर्मा, कैलाश पाल, देवेंद्र चौधरी, हरिशंकर महाराज, राजकिशोर चौधरी, अरविंद श्रीवास, जितेंद्र कुमार, अशोक कुशवाहा, हरिआर्य, रामप्यारी, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्राकृतिक खेती और बागवानी पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ के मलिहाबाद विकासखंड में शनिवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। कृषि वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बीके पुष्कर ने बताया कि यह अभियान केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की पहल है। कार्यक्रम में किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें खरीफ की उन्नत कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती, मिट्टी जांच और फसल बीमा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। किसानों की खेती संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया गया। डॉ विनय ने किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे और बेहतर फसल के लिए इसके तरीके समझाए। वैज्ञानिक डॉ अंशुमान सिंह ने बागवानी पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि बागों में अधिक जुताई से पेड़ों की जड़ें कट जाती हैं, जिससे वे सूख जाते हैं। डॉ सिंह ने बैगिंग तकनीक की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि ढाई रुपए की लागत से आम की कीमत दोगुनी की जा सकती है। इससे दवाओं के छिड़काव में कमी आएगी और मुनाफा बढ़ेगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रविंद्र मिश्र, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह, डॉ दिनेश सिंह, डॉ सुमन सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# म्योरपुर पुलिस द्वारा फरार चल रहे 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व आज दिनांक-31.05.2025 को थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर मु0अ0सं0-147/2024 धारा-319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस से सम्बन्धित फरार चल रहे 01 नफर वांछित अभियुक्त लालशाय पुत्र राम प्रसाद निवासी सुपाचुआं थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष को आज दिनांक 31.05.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया

# अटारी में किसानों को मिली आधुनिक खेती और निर्यात की जानकारी

अमन लेखनी समाचार




विकसित कृषि संकल्प अभियान में उपस्थित संयोगिता सिंह व अन्य

लखनऊ। माल के ग्राम पंचायत अटारी में शनिवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संयोगिता सिंह चौहान ने की।

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने किसानों को आम की खेती में आधुनिक तकनीक के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्नत तकनीकों से उच्च गुणवत्ता वाले फलों का उत्पादन किया जा सकता है। साथ ही उचित प्लेटफॉर्म के जरिए निर्यात कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। ग्राम प्रधान संयोगिता सिंह चौहान ने सुझाव दिया कि ऐसे कार्यक्रम हर ग्राम पंचायत में आयोजित किए जाएं। इससे किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी समय पर मिल सकेगी। कार्यक्रम में विमल कुमार प्राविधिक सहायक, डॉ ज्ञानेश्वर सिंह समेत फसल बीमा, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय, उद्यान विभाग और पशुपालन विभाग के प्रतिनिधियों ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि नवाचार, सरकारी योजनाओं, कम लागत में अधिक उत्पादन और जैविक खेती पर चर्चा की गई।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



## साउंड डिजाइन में ऑस्कर जीत रेसुल पुकुट्टी ने बनाई वैश्विक पहचान

**मुंबई।** सिनेमाई दुनिया का सबसे बड़ा अवॉर्ड ऑस्कर जीतने वाले रेसुल पुकुट्टी, जो एक साउंड डिजाइनर के रूप में जाने जाते हैं। फिल्मों में ध्वनि और साउंड डिजाइन की तकनीक को दर्शकों के बीच पहचान दिलाने में इनका खास योगदान रहा है। इसके अलावा रेसुल ने ब्रिटिश फिल्मों के अलावा हिंदी, तमिल और मलयालम भाषाओं में भी काम किया है। रेसुल पुकुट्टी का जन्म 30 मई 1971 को केरल राज्य के कोल्लम जिले के छोटे से गांव विलक्कुपारा में हुआ था। उनके पिता एक प्राइवेट बस में टिकट कलेक्टर थे और घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। बचपन से ही रेसुल का रुझान तकनीक और रचनात्मकता की ओर था। उन्होंने भौतिकी में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद एलएलबी में दाखिला लिया, लेकिन पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी, क्योंकि उनका सेलेक्शन पुणे में हो गया था।

लाइफ Style

## आलिया

## दोस्त की शादी में ब्लैक गाउन में दिखीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले दिनों आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छा गईं। इन दिनों भी दोस्त की शादी से आलिया के कई लुक्स वायरल हो रहे हैं। दोस्त की शादी वाले दिन भी आलिया ब्लैक कलर के गाउन में दिखीं। इन तस्वीरों को और लुक्स को देखकर लग रहा है कि आलिया पर अब भी कान्स का खुमार चढ़ा हुआ।

आलिया भट्ट इन दिनों स्पेन में अपनी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी को एंज्वॉय कर रही हैं। शादी के अलग-अलग फंक्शन से आलिया की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। पिछले दिनों उनका फ्यूजन लुक्स फैंस को काफी पसंद आया। अब दोस्ती की शादी वाले दिन की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट वाले अंदाज में ही नजर आ रही हैं। शादी में आलिया भट्ट ने ब्लैक कलर का गाउन इसलिए पहना है, क्योंकि तान्या साहा की बाकी सहेलियों ने भी इसी कलर थीम को फॉलो किया है। वहीं, दुल्हन यानी तान्या साहा गुप्ता ने व्हाइट कलर का वेडिंग गाउन पहना है। वायरल तस्वीरों में आलिया का ब्लैक गाउन ऑफशोल्डर स्टाइल में बना है।

एक्ट्रेस ने बहुत कम मेकअप किया है और बाल भी बांधे हुए हैं। एक तरफ दोस्त की शादी से आलिया के कई लुक्स वायरल हो रहे हैं, वहीं अब तक उनके कान्स फिल्म फेस्टिवल्स के लुक्स की भी चर्चा है। इस इवेंट में आलिया का साड़ी, गाउन लुक अब तक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पहली बार आलिया ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की थी। आलिया भट्ट के कॅरियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



## मिशन इम्पॉसिबल का सफर किया याद

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने शुक्रवार को अपने 30 साल से पुराने सफर को याद करते हुए कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही कैप्शन में लिखा, '30 साल से ज़्यादा पहले, मैंने अपनी पहली फ़िल्म मिशनः इम्पॉसिबल के निर्माण की यात्रा शुरू की थी। तब से, इन आठ फिल्मों ने मुझे जीवन भर के रोमांच पर ले जाया है। दुनिया भर के अविश्वसनीय निर्देशकों, अभिनेताओं, कलाकारों और क्रू को, जिन्होंने इन कहानियों को जीवंत बनाने में मदद की है, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। टॉम ने इस पोस्ट के साथ अपने दर्शकों का भी शुक्रिया अदा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात, मैं दर्शकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिनके लिए ये फिल्में बनाना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है और जिनकी हम सभी सेवा करते हैं। हम द फाइनल रेकनिंग को आपके साथ साझा करके रोमांचित हैं।'



## कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर तानी बंदूक

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के फ्लेरिडा में रैपर क्रिसी सेलेस के साथ एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। उनके ऊपर एक कैब ड्राइवर ने बंदूक तान दी। पहले कैब ड्राइवर ने रैपर से अपनी कैब से बाहर निकलने को कहा, जब बहस बढ़ी तो उसने रैपर पर बंदूक तान दी। किसी तरह से रैपर ने अपनी जान बचाई। इस मामले ने सभी को चैंका दिया है। कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। रैपर क्रिसी सेलेस फिलहाल ठीक हैं। बताया जाता है कि उबर कैब ड्राइवर जेनिफर बेनीडेज ने मियामी से दो महिलाओं को अपनी कैब में बिठाया। इसके बाद दोनों को गंतव्य से पहले हॉलीवुड में एक जगह पर उतरने को कहा। सवारियों ने उतरने से मन कर दिया। इस पर कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर बंदूक तान दी। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैब ड्राइवर और सवारियों के बीच तीखी बहस हो रही है। कैब ड्राइवर बार-बार सवारियों से कह रही है कि मेरी कार से उतर जाओ। जब वह दोनों उतरने से मना करते हैं तो कैब ड्राइवर उन पर बंदूक तान देती है।



## इब्राहिम और सारा के साथ गईं मूवी डेट पर

**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी का नाम एक्टर इब्राहिम अली खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। दोनों को कई बार साथ में भी देखा गया है। अब गुरुवार, 29 मई को भी इन्हें मूवी डेट पर साथ देखा गया। पपाराजी ने इन्हें स्पॉट किया। जिसका वीडियो और फोटो इंटरनेट पर वायरल है। हालांकि, इस वक्त ये अकेले नहीं थे। इनके साथ सारा अली खान भी थीं, जिन्होंने उन्हें कंपनी दी थी। अब इस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। वायरल हो रहे एक वीडियो में तीनों को जुहू के एक थिएटर में एक साथ देखा जा सकता है, जिसमें इब्राहिम गाड़ी चला रहे हैं। जैसे ही उन्होंने पैप्स को देखा, इब्राहिम थिएटर के अंदर भाग गए, जबकि पलक और सारा को पैप्स के बीच से गुजरते हुए एक-दूसरे के साथ मजाक करते और हंसते हुए देखा गया।



## अब अजय देवगन भी बनाएंगे दृश्यम 3

**मुंबई।** अप्रैल 2025 में जब मोहनलाल ने अपनी सुपरहिट क्राइम सस्पेंस थ्रिलर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट यानी 'दृश्यम 3' का ऐलान किया, तो अजय देवगन के लिए इसे तगड़ा झटका माना जा रहा था। ऐसा इसलिए, क्योंकि मोहनलाल ने मलयालम में बन रही अपनी ओरिजनल 'दृश्यम 3' को हिंदी समेत पैन इंडिया रिलीज करने का फैसला किया। वहीं, अजय देवगन भी साल 2022 में 'दृश्यम 2' की रिलीज के साथ ही 'दृश्यम 3' का ऐलान कर चुके थे। ऐसे में यह अजय देवगन के लिए टेंशन वाली बात थी, क्योंकि जब ओरिजनल 'दृश्यम 3' ही हिंदी में रिलीज होगी, तो फिर एक और 'दृश्यम 3' को भला हिंदी में कौन देखेगा? इस कारण अजय देवगन की 'दृश्यम 3' पर खतरों के बादल मंडराने लगे थे। पर अब अजय देवगन की 'दृश्यम 3' भी कन्फर्म हो गई है, और वह इसमें लीड रोल में नजर आएंगे।

टीवी मसाला

## हर्ष और भारती ने बताई टीवी इंडस्ट्री की खस्ता हालत



**नई दिल्ली।** टेलीविजन इंडस्ट्री संकट का सामना कर रही है, कई शो रिलीज़ होने के कुछ ही महीनों बाद बंद हो रहे हैं। अपने पॉडकास्ट में हर्ष लिंबाचिया और भारती सिंह ने लोन पर जिंदगी जीने के बारे में बात की है और रीम शेख के साथ टेलीविज़न इंडस्ट्री के संघर्षों पर भी चर्चा की। हर्ष लिंबाचिया को लगता है कि टेलीविजन इंडस्ट्री संघर्ष कर रही है, क्योंकि बजट कम हो गए हैं और आज 'लाफ्टर शेफ्स' जैसे बहुत कम बड़े शो बनाए जा रहे हैं जो टिक पा रहे हैं। रीम ने अपने संघर्षों के बारे में बात की और खुलासा किया कि उन्होंने सोचा था कि 'राब्ता' और दो और फेमस शो करने के बाद उन्हें 1.5-2 लाख का भुगतान किया जाएगा। हालांकि, बजट कम होने के कारण वह पिछले कुछ वर्षों में जो कमा रही थीं, उसके बराबर अब नहीं कमा पा रही हैं। हर्ष लिंबाचिया ने कहा, 'हम भी इसी तरह की समस्या का सामना कर रहे हैं। लोग मुझे एक चैनल पर शो होस्ट करते हुए देखते हैं और भारती दूसरे चैनल पर शो होस्ट करती हैं, लोग सोचते हैं कि मैं प्रतिदिन 20 लाख रुपए चार्ज करूंगा, भारती को प्रतिदिन 50 लाख रुपए मिलेंगे। यह सच नहीं है। हम कर्ज लेकर जी रहे हैं और अगर हम अपने पास आने वाले काम को नहीं लेंगे, तो कोई और ले लेगा।' भारती ने चुटकी लेते हुए कहा, 'हम इतने कर्ज में हैं कि जब दूधवाला भी आता है, तो हमें लगता है कि कोई एजेंट कर्ज वापस लेने आया है।'

## ज्यादा फीस की वजह से टला करण-जेनिफर का कमबैक

**नई दिल्ली।** हाल ही में मीडिया में खबरें आई थीं कि पॉपुलर एक्टर्स करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट करण जौहर के नए रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक साथ नजर आ सकते हैं। ये खबर उनके फैंस के लिए खास थी, क्योंकि दोनों की जोड़ी बहुत पसंद की जाती है।



हालांकि, शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने हमें बताया कि ऐसा होने वाला नहीं है। अब शो के ट्रेलर में दोनों के नजर न आने से इस बात की पुष्टि भी हो गई। सूत्र कि मानें तो मेकर्स ने करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट दोनों को वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया था। उन्होंने बताया, 'शुरू में करण ने शो के लिए हामी भर दी थी, जेनिफर ने भी सहमति दी थी। लेकिन, जेनिफर ने अपनी फीस बहुत ज्यादा मांगी, जो मेकर्स के बजट से बाहर थी। ऐसा उन्होंने जानबूझकर किया।' सूत्र ने आगे बताया, 'शो के कई हिस्सों की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी। दोनों को बाद में जोड़ने की कोशिश हुई, लेकिन फीस को लेकर बात नहीं बनी, इसलिए उनकी एंट्री नहीं हो सकी।'

## प्यार में तबाही की कहानी है 'सैयारा'




**मुंबई।** अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे 'सैयारा' में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह अनीत पड्डा के साथ लीड रोल में नजर आएंगे, जो इस रोमांस फिल्म में अपना डेब्यू भी करेंगी। आखिरकार, फिल्म का टीज़र रिलीज़ हो गया है। शुक्रवार, 30 मई को, यूआरएफF ने 'सैयारा' का टीज़र रिलीज़ किया, जो एक प्रेम कहानी है और अहान पांडे की हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू भी है। फिल्म में अनीत पड्डा हैं, जिन्होंने सीरीज़ 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में लोगों का दिल जीत लिया था। 'सैयारा' का टीजर रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म का वादा करता है।

### 18 जुलाई को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

टीजर से फिल्म के टाइटल 'सैयारा' का मतलब भी पता चलता है। टीजर के अनुसार, 'सैयारा' का मतलब बस एक भटकता हुआ सितारा है, लेकिन कविता में इसका इस्तेमाल अक्सर किसी चमकदार, अलौकिक या दूसरी दुनिया से जुड़ी किसी चीज के लिए किया जाता है- एक भटकता हुआ सितारा, हमेशा चमकता हुआ, हमेशा मार्गदर्शन करने वाला, लेकिन हमेशा पहुंच से बाहर। 'सैयारा' 18 जुलाई, को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

## द ट्रेटर्स में उर्फी से लेकर अपूर्वा तक भिड़ेंगे 20 सेलेब

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर एक नया रियलिटी शो आ रहा है। इसका नाम 'द ट्रेटर्स' है। इसे निर्देशक करण जौहर होस्ट करने वाले हैं। इसे 12 जून से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। नया एपिसोड हर बृहस्पतिवार को रिलीज होगा। इस शो में 20 सेलिब्रिटीज विश्वास और विश्वासघात के खेल में भाग लेंगे। इसके बाद जीतने वाले को नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। धोखे और चालबाजियों से भरपूर इस रियलिटी शो के पहले सीजन में 20 सेलिब्रिटीज हिस्सा ले रहे हैं। इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जान्वी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, पुरव झा, रफ्तार, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद शामिल हैं।



### ये खेल बहुत खराब है

ट्रेलर की शुरुआत एक घर से होती है। वॉयस ओवर में करण जौहर कहते हैं 'एक फैंसी मिस्टीरियस पैलेस में मिले कुछ सीधे साधे लोग और शुरू हुआ एक प्यारा सा गेम।' गेम में शामिल एक प्रतिभागी कहता है कि अगर मैं ट्रेटर निकला तो मैं रैप करना छोड़ दूंगा। एक दूसरी प्रतिभागी कहती है कि अगर मैं ट्रेटर निकली तो मैं सर गंजा करवा दूंगी। इसके बाद करण जौहर कहते हैं कि यह है द ट्रेटर्स जिसे खेलने के लिए आ रहे हैं हमारे 20 शातिर प्लेयर्स। करण जौहर आगे बताते हैं कि गेम के शुरूआत में चुने जाएंगे तीन ट्रेटर्स जो बाकी मासूम प्लेयर्स का मर्डर करते जाएंगे। मासूमों के पास होगा मौका कि वह ट्रेटर्स को ढूंढकर उनका खेल खत्म कर दें। इसके बाद ट्रेलर में प्रतिभागियों के बीच गलतफहमियां होती हैं। ट्रेलर के आखिर में प्रतिभागी कहते हैं कि ये खेल बहुत खराब है।

## जब शुक्रवार को चाट की दुकानों पर हो जाता था सन्नाटा


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा के हर कालखंड में कुछ फिल्में ऐसी जरूर बनी हैं, जिन्होंने अपनी लागत से हजारों गुना कमाई करके इन्हें बनाने वालों तक को चौंका दिया। द केरल स्टोरी इसका ताजा उदाहरण है, उसके पीछे जाएं तो याद आएगी फिल्म नदिया के पार और 50 साल पीछे जाएं तो पता चलता है कि जिस साल फिल्म शोले ने बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की, उसी साल सिनेमाघरों में एक और फिल्म ने कृपा बरसाई जिसका नाम है, जय संतोषी मां। 30 मई 1975 को रिलीज हुई ये फिल्म 50 साल बाद भी अपने समय के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक संदर्भों का दस्तावेज बनी हुई है।

### लागत 12 लाख रुपए, कमाई 25 करोड़

फिल्म जय संतोषी मां की कहानी सत्यवती नाम की एक महिला की है जिसको उसके ससुराल वाले बहुत कष्ट देते हैं और फिर संतोषी मां की कृपा से उसके जीवन में सब ठीक हो जाता है। सत्यवती के पति बिरजू का रोल करने वाले यानी कि फिल्म के हीरो आशीष कुमार की मानें तो उन्होंने ही इस फिल्म का आइडिया फिल्म के प्रोड्यूसर सतराम रोहरा को दिया था। आशीष के बच्चे नहीं थे और तभी उनकी पत्नी ने संतोषी मां के सोलह शुक्रवार व्रत रखने शुरू किए। व्रत के बीच में ही आशीष की पत्नी गर्भवती हो गईं तो बाकी के व्रतों की कथाएं आशीष ने अपनी पत्नी को सुनाई। अपने घर में बिटिया का जन्म के बाद आशीष ने ये बात सतराम के गुरु और फाइनेंसर सरस्वती गंगाराम को सुनाई जिन्होंने फिल्म शुरू करने के लिए 50 हजार रुपए दिए थे। बाद में फिल्म से उस समय के चर्चित फिल्म वितरक केदारनाथ अग्रवाल जुड़े और उन्होंने फिल्म के अधिकार 11 लाख रुपए एडवांस देकर खरीद लिए। फिल्म कुल 12 लाख में बनी और इसने बॉक्स ऑफिस पर आखिरी गणना तक कमाए करीब 25 करोड़ रुपए।

### जय संतोषी मां के 50 साल पूरे



### सुपरहिट फिल्म पर सजा कारोबार

फिल्म जब तक सिनेमाघरों में लगी रही तब तक खूब धूम से चली। गांवों से आने वाले चप्पल उताकर कर सिनेमाघरों में प्रवेश करते। अपने साथ वे फूल माला लेकर आते। और फिल्म शुरू होते ही जब दूसरे ही सीन में संतोषी मां की आरती होती तो सब अपनी अपनी आरती जलाकर आरती करना शुरू कर देते। फिल्म खत्म होने के बाद बाकायदा सिनेमाघरों के बाहर प्रसाद बंटता और पास में ही लंबी कतार दिखती। संतोषी मां की फ्रेम की हुई फोटो के साथ शुक्रवार की व्रत कथा बेचने वाले दुकानदारों की। जिनका बचपन इस दौर में बीता है, उनको पता है कि शुक्रवार को तब चाट की दुकान की तरफ देखना भी कितना बड़ा गुनाह होता था और जो बच्चा गलती से शुक्रवार को खटाई खा भी ले, वो बेचारा हफ्तों तक इसी अपराधग्लानि में जीता रहता कि घर पर कहीं कुछ अशुभ न हो जाए। लोगों के घरों पर खूब पोस्टकार्ड आते। इन पोस्टकार्ड पर ऐसे ही 16 पोस्टकार्ड और लिखकर दूसरों को भेजने को कहा जाता। और फिर ये चेन चलती ही रहती। हालात यहां तक आ गए थे कि डाकखानों में पोस्टकार्ड की मांग ज्यादा हो गई और आपूर्ति कम पड़ने लगी।

### समय के सामाजिक संदर्भों का आईना

फिल्म जय संतोषी मां अपने दौर के सामाजिक परिवेश का एक ऐसा दस्तावेज बन चुकी है, जिस पर भारत से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक शोध ग्रंथ लिखे जा चुके हैं। ये गांव गरीब के संतोष की कहानी थी। उस समय के सामाजिक हालात से जूझ रहे आम आदमी को संतोष देने की कहानी थी। गरीब इसी बात में खुश हो जाता कि कोई ऐसी भी देवी हैं जो सिर्फ गुड़ चने का प्रसाद पाकर ही खुश हो जाती हैं। नहीं तो बाकी देवताओं को तो छप्पन भोग लगाने होते हैं, उन्हें खुश करने के लिए। फिल्म शुरू होती है रक्षाबंधन के त्योहार से जहां भगवान गणेश के दोनों बेटे एक बहन की जिद करते हैं। भगवान गणेश और उनकी पत्नियों ऋद्धि व सिद्धि की इस संतान का नाम नारद रखते हैं, संतोषी। फिल्म इसके बाद देवलोक से सीधे मर्त्यलोक आती है जहां सत्यवती मंदिर में मां संतोषी की आरती करते दिखती है। फिल्म की कहानी दोनों लोकों में समानांतर चलती रहती है।

### उपवास रखकर फिल्म की शूटिंग

फिल्म जय संतोषी मां हिट हुई तो इसमें शीर्षक रोल करने वाली अनीता गुहा रातोंरात स्टार बन गईं। इससे पहले वह सीता मैया के रोल तीन फिल्मों में कर चुकी थीं। फिल्म आराधना में राजेश खन्ना की मां बन चुकी थीं और फिर उनके जीवन में संतोषी मां का आशीर्वाद आ गया। इस पूरी फिल्म में जब तक उन्होंने शूटिंग की, हमेशा व्रत रहकर ही काम किया। इस बारे में तब अनीता ने बताया था, पहले दिन की शूटिंग बहुत अफरातफरी में हुई। हम सब लोग सुबह से मेकअप कराकर रेडी थे, लेकिन पहला शॉट काफी देर से हुआ। इस चक्कर में पहले ब्रेकफास्ट और फिर लंच मिस हो गया। शाम को इसका एहसास हुआ और निर्देशक विजय शर्मा ने कुछ खाने को कहा तो मुझे लगा कि खाने लगी तो चेहरे का मेकअप फिर से कराना होगा तो मैंने कहा कि अब काम खत्म करके ही खाती हूं। तो पूरा दिन उस दिन बिना कुछ खाए पीये ही निकल गया। फिर मैंने सोचा कि हो सकता हो कि इसमें भी ईश्वर की कुछ इच्छा रही हो तो इसके बाद मैंने जितने दिन शूटिंग की, बिना कुछ खाए पीये ही शूटिंग की।